रांची • वर्ष : 02 • अंक : 174 • हजारीबाग से भी प्रकाशित • पृष्ठ : 12 • शुक्रवार • 19.04.2024 • मूल्य : 4 रुपया • TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com • सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

आदिवासी का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : बाबूलाल मरांडी



पेज-03

# पहले चरण का मतदान आज

## 21 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा पर डाले जाएंगे वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने प्रथम चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ज्यादातर स्थानों पर मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

लोकसभा 102 सीटों में से 73 सामान्य, 11 अनुसूचित जनजाति और 18 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 16.63 करोड़ मतदाता हैं और उनके लिए आयोग की ओर से 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 18 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 1625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें से 1491 पुरुष और 134 महिलाएं हैं।

मतदाताओं की संख्या 16.63 करोड़ है। इसमें 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11371 ट्रांसजेंडर है। 35.67 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष है। इस चरण में 85 वर्ष की आयु से अधिक के 14.14 लाख मतदाता हैं। 13.89 लाख दिव्यांग मतदाता है।

चुनाव आयोग ने सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।

आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जाएगी। 661 पर्यवेक्षक तैनात होंगे। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

**16.63**
करोड़ वोटर के लिए बनाए गए 1.87 लाख मतदान केंद्र

**1625**
उम्मीदवार पहले चरण में अजमा रहे अपनी किस्मत

• संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम




### बिहार की चार सहित इन राज्यों की सीटों पर होगी वोटिंग

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

## मनरेगा घोटाला पर फिर बड़ी कार्रवाई

# ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की

प्रातः आवाज

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 6 मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छापेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था। फिलहाल मामले में पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत नहीं हुए पेश, अगली सुनवाई तीन मई को

**रांची।** ईडी के समन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा की अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 12 मार्च को सीजेएम की अदालत ने उन्हें समन जारी करते हुए तीन अप्रैल को उपस्थित होने का आदेश दिया था। लेकिन समन नहीं पहुंचने की बात कहते हुए वह तीन अप्रैल को भी पेश नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख 18 अप्रैल तय की थी। गुरुवार को भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पेश नहीं हुए।

### पुलिस की गोली से मौत मामले में थाना प्रभारी निलंबित, एएसआइ गिरफ्तार

**गोड्डा।** सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।
मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा। उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण पहाड़िया नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार, दो लाख का ब्राउन शुगर बरामद

**रांची।** रांची के खेलगांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने के मामले में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार है। इनके पास से 16 .27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख बताई गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र के राम दयाल मुण्डा कला केन्द्र खेलगांव के पास ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही उक्त स्थान के पास पहुंची तो पुलिस को आता देख चार लड़के भागने लगे। टीम ने तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा । जांच के दौरान इनके पास से बाउन शुगर बरामद किया गया। एक फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जमीन घोटाला मामले में ईडी ने आरोपितों के पास से बरामद किये एक करोड़ 25 लाख

प्रातः आवाज

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में एक करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे। इसे ईडी ने जब्त कर लिया है। साथ ही ईडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा तीन करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। ईडी ने गुरुवार अधिकारिक रुप से बताया कि जमीन घोटाले मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं।

ईडी ने जांच में पाया है कि गिरफ्तार किए गये सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थिति राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं।

### झामुमो नेता अंतू तिर्की व तीन अन्य पांच दिन के ईडी रिमांड पर

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपितों अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया।

इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देरशाम ईडी ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था।

# झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

प्रातः आवाज

**रांची।** राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। राज्य की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं।

सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं।

लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी।

चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पलामू (एससी) लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम (एसटी) सीट दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है। इसके बाद लोहरदगा (एसटी) का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी (एसटी) में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

### खूंटी में फिर अर्जुन मुंडा बनाम कालीचरण मुंडा



खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था।



# केरल में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले घरेलू पक्षियों को मारने का आदेश

**नई दिल्ली :** केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारिंयों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के एक क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए है। मामले की पुष्टि होने के बाद अलाप्पुझा के डीसी ने इन इलाकों में बत्तखों को मारने के आदेश दे दिए हैं, साथ ही एक किलोमीटर के दायरे में सभी पालतू पक्षियों को भी मारने के आदेश दिए गए हैं।

**बत्तखों में बर्ड फ्लू के लक्षण :** बता दें कि बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि तब हुई जब कुछ बत्तखों में बर्ड फ्लू के लक्षण दिखे और उन्हें जांच के लिए भोपाल की लैब में भेजा गया। जांच के बाद प्रशासन ने पुष्टि की कि बत्तखों में एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) का संक्रमण पाया गया है। जिसके बाद केंद्र की कार्ययोजना के अनुसार डीसी की अध्यक्षता में बैठक हुई और एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने का आदेश दिया गया। इसके लिए रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया जाएगा, जो इस काम को बखूबी करेगी। प्रशासन ने अपील की है कि बेवजह घबराने की जरूरत नहीं है।

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकर से मांगा जवाब- देवघर रोपवे हादसे को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर क्या हुई कार्रवाई

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए।

त्रिकूट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आई थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआईटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना हुई थी।

# जुलूस में माइक के लिए भिड़ गए दो दल, विधायक अंबा के सुरक्षाकर्मी हुए घायल

प्रातः आवाज

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले के बरकाकाना में बुधवार की रात रामनवमी जुलूस के दौरान माइक को लेकर दो दल आपस में भिड़ गए। झड़प इतनी बढ़ गई की पूजा करने आई बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अंगरक्षक भी घायल हो गए। इसके बाद यह पूरा मामला हाई प्रोफाइल हो गया। विधायक अंबा प्रसाद ने इसे कार्यकताओं के मान सम्मान के साथ जोड़ा है। उन्होंने कहा है कि जब वे खुदका, अपने अंगरक्षकों का और अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान नहीं रखेंगी, तो इस क्षेत्र की जनता का ध्यान कैसे रखेंगी । यह पूरा मामला दल से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर जब वह पहुंची तो थोड़ी देर रुक कर लोगों को शुभकामना देकर दूसरे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना चाह रही थी। लेकिन हर बार उन्हें 10 मिनट रुकने की बात बोलकर घंटों समय बिता दिया गया। इसके बाद वहां से उन्हें बिना शुभकामनाएं दिए ही जाने के लिए बोला गया। इसके पास कुछ कार्यकताओं ने माइक छीन कर विधायक को देने की कोशिश की। इसी दौरान आजसू के कार्यकर्ता विधायक के समर्थकों के साथ मारपीट करने लगे। बीच बाजार करने गए विधायक के अंगरक्षकों को भी पीटा गया।



**थाने पहुंची विधायक, दर्ज कराई शिकायत, एसडीपीओ कर रहे जांच :** पूजा स्थल से निकलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद सीधे बरकाकाना थाना पहुंची। वहां पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने इस पूरे मामले को देखा और जांच शुरू कर दी। विधायक ने यहां घायल कार्यकताओं और अंगरक्षकों को लगी चोट को दिखाया। साथ ही मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि दो पक्षों के बीच माइक को लेकर झड़प हुई है। वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**राम भक्त के रूप में घूम रहे हैं रावण :** आजसू कार्यकताओं द्वारा की गई हरकत पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राम भक्त के रूप में यहां रावण सेना सड़क पर घूम रही है। जिन्हें ना तो मयार्दा का ध्यान है और ना ही संस्कृति के बारे में कुछ जानते हैं। जो जनप्रतिनिधि का सम्मान नहीं कर सकते, अतिथि का सत्कार नहीं कर सकते, वे समाज का ध्यान कैसे रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना से पहले भी भुरकुंडा में आजसू के ही एक जिला अध्यक्ष ने उनके साथ ऐसी घटना करने की कोशिश की थी, जिसका परिणाम वे भुगत रहे हैं।

### दंगा करवाने के मूड में पहुंची थीं विधायक अंबा प्रसाद : अखाड़ा समिति

**रामगढ़।** रामनवमी पूजा के जुलूस में विधायक अंबा प्रसाद और उनके अंगरक्षकों के साथ हुई हाथापाई का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। एक तरफ महावीर मंडल अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर विधायक पर दंगा करवाने का आरोप लगाया है। तो दूसरी तरफ आजसू जिला अध्यक्ष ने भी विधायक पर धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति, नया नगर बरकाकाना में बीते लगभग 40-42 वर्षों से रामनवमी जुलुस का मिलन तथा अखाड़ा लगाया जाता रहा है।

**महावीर मंडल अखाड़ा समिति ने बरकाकाना थाने में दिया आवेदन**

## समाचार सार

### रामनवमी मेला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर (प्रातः आवाज)।** मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखड़ो में पूरे धूम धाम से रामनवमी मेला का आयोजन कई जगहो में किया गया। मांडर के सोसई, चान्हो प्रखंड के बिजुपाडा एवं सोंस में भी रामभक्तों के द्वारा पूरे धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाया गया। चान्हो के सोंस और बिजुपाड़ा रामनवमी मेला में बतौर विशिष्ट अतिथि एवं मांडर सोसई में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ. परमेश्वर भगत ने मेला में आये लोगों को शुभकामना संदेश और बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार न सिर्फ झारखंड का बल्कि पूरे भारतवर्ष में धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। हम सभी लोगों को जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर हिंदू, मुस्लिम सिख, ईसाई, आदिवासी सभी को मिल जुलकर प्रेम भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से इस त्यौहार को मनना चाहिए और आगे जीवन-यापन भी आपसी मोहब्बत और एकता के साथ गुजारना चाहिए।

### इटकी में श्रीराम चरित मानस पाठ सह प्रवचन का 75वां अधिवेशन संपन्न

**इटकी (प्रातः आवाज)।** इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर के पंडाल में नौ दिनी श्रीराम चरित मानस पाठ महायज्ञ सह प्रवचन का 75वां अधिवेशन का हवन के शाथ पूर्णाहुति कर दी गई। गुरुवार की सुबह पंडित शत्रुधन पाण्डये ने रामायण के सुन्दर काण्ड के श्लोकों से अधारित दर्जणों पाठकर्ताओं को महायज्ञ कराया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर रामचरित मानस पाठ के 75 वें अधिवेशन की समापन की गई। राम चरित मानस यज्ञ समिति द्वारा रामायण के पाठकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इधर पंडाल में स्थापित श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण और बीर हुनमंत की प्रतिमा को कल शुक्रवार को एक शोभा यात्रा निकाल कर विसर्जन किया जायेगा। नौ दिनी मानस पाठ और प्रवचन को सफल बनाने कृष्णा राम तिवारी, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव पंचम महतो, दिवाकर शाही, जितेन्द्र महतो सहित अन्य लोगों की अहम भुमिका रही।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रातू (प्रातः आवाज)।** थाना क्षेत्र के हाजी चौक के पास गुरुवार को दिन के 3:30 बजे के करीब ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिरांगो पिठौरिया निवासी गनू उरांव (25 वर्ष) के रुप में किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिठोरिया थाना के मालश्रृंग निवासी युगेश मुंडा अपनी बाईक जेएच 01 आर 9217 पर सिरांगो निवासी गनू मुंडा के साथ रांची जा रहा था। इसी बीच रिंग रोड हाजी चौक के पास ब्रेकर को पार करने के क्रम में बाईक असंतुलित हो गया जिससे बाईक में पीछे बैठा गनू उरांव नीचे गिर गया। इसी क्रम में बगल से पार कर रहे ट्रक आरजे 27जीई 4638 का पिछला चक्का गनू मुंडा के सिर व कंधा पर चढ़ गया। जिससे घटना स्थल पर ही गनू मुंडा की मौत हो गई। वही बाईक चला रहा युवक बाल-बाल बच गया।घटना की सुचना मिलते ही पहुंची रातू पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनो वाहनो को जब्त कर थाना ले आई है।

### फूफा ने पांच वर्षीय भतीजी को तलवार से काट कर मार डाला




**सोनाहातू (प्रातः आवाज)।** थाना क्षेत्र के बांकु गांव में रिश्ते को शर्मसार करने की घटना सामने आया है। गांव में तीन दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा था। बुधवार रात रामायण पाठ का दूसरा दिन था। अचानक एक व्यक्ति भीड़ को चीरते हुए आया और तलवार से कई वार किया। तलवार के वार से पांच वर्षीय शेफाली कुमारी की मौत तत्काल हो गयी। हमला से पुसुमनी देवी, कार्तिक मुंडा और सोमवारी देवी को चोट लगी है। ग्रामीणों ने हमलावर को पकड़ कर बांध दिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हमलावार को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलावर दिगम्बर सिंह मुंडा तमाड़ थाना क्षेत्र के अगरा गांव का रहने वाला है। बांकु गांव में उसका ससुराल है। आरोपी हमलावर की पत्नी दो माह से मायके बांकु गांव आयी हुई थी। अपनी पत्नी को लेने गांव आने पर पत्नी को घर में नहीं मिलने पर तलवार लेकर अपने पुसुमनी को मारने के लिये रामायण पाठ के भीड़ में घुसकर सास पर वार कर दिया। हमला में सास को कुछ चोट लगी। दूसरा वार से साला के बेटी पांच वर्षीय शेफाली कुमारी को लगा, जिससे उसकी मौत हो गयी। तलवार के हमले से साला की पत्नी सोमवारी देवी और एक ग्रामीण कार्तिक मुंडा को भी चोट लगी है। ग्रामीणों ने तत्काल हमलावार को पकड़ कर बांध दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों के बयान पर छानबीन की जा रही है।

### बिजली चोरी मामले में तीन पर प्राथमिकी, 96,118 का जुर्माना

**रातू (प्रातः आवाज)।** विद्युत उर्जा निगम के निर्देशानुसार गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ कविअ रंजीत कुमार के नेतृत्व में हुरहुरी में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में तीन लोगों के घरो में अवैद्य रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों पर 96,118 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बिजली चोरी करने वालों में अफजल अंसारी पिता अलीमुदीन अंसारी पर 34,952, जियाउल अंसारी पिता खलील अंसारी पर 26,214 एवं मोबारक अंसारी पिता शरीफ अंसारी पर 34,952 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनके घर से उपयोग में लाये जा रहे बिजली तार को जब्त कर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### टाटीसिलवे : रामनवमी की शोभायात्रा निकली

**टाटीसिलवे (प्रातः आवाज)।** प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर लालगंज से ईएफ मैदान टाटीसिलवे तक श्रीश्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिलवे के तत्वाधान में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रामजी पांडे, चिंतामणि साहू, नारायण शर्मा, यदुवीर सिंह, राजन साहू, मुख्य संरक्षक पूर्व कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह, भूतपुर्व सैनिक संजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, विनोद तिवारी, राजकुमार सिंह, अरविंद कुमार, सत्यजीत सिंह, फजेश कच्छप, ललकु तिर्की, अनिल लिंडा, दिलीप कुमार यादव, विजय मुंडा, दिनेश महतो, ब्रजेश सिंह, मदन सिंह, सुबोध कुमार, रोशन शर्मा, उदय सिंह, टुनटुन तिवारी, एस के सिंहा, अनिल शर्मा, सुनिल तिवारी, जेपी सिंह, सत्यनारायण और बहुत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

### चापाकल की मरम्मती की गयी

**सिल्ली (प्रातः आवाज)।** गुरुवार को पीएचईडी विभाग सिल्ली की ओर से कर्मचारियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली के समीप स्थित चापाकल की मरम्मती की गई। मिली जानकारी के मुताबिक गर्मी को देखते हुए चापाकल मरम्मती का काम लगातार किया जा रहा है।

# शिव मंडा के पहले दिन दिखी भोक्ताओं की अद्भुत शिव भक्ति की शक्ति

## तपती गर्मी एवं जलती जमीन पर लोटन सेवा कर भोक्ताओं ने अपनी शिव उपासना का मिसाल प्रस्तुत किया







**प्रातः आवाज**

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया में तीन दिवसीय ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा के पहले दिन भोक्ताओं ने लोटन सेवा कार्यक्रम के दौरान अपनी शिव उपासना की भक्ति की शक्ति दिखाई। कार्यक्रम के आयोजक वनबिहारी साहु एवं प्रदीप साहु के नेतृत्व में दोपहर 11:30 बजे से 12:30 बजे तक तपती धरती पर भोक्ताओं ने लोटन सेवा कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और विश्वास को प्रमाणित किया। लोटन सेवा के दौरान भोक्ताओं ने जमीन में लेटते हुए शिव मंदिर ककरिया का तीन बार परिक्रमा किया। सेवादार महिलाओं एवं पुरुषों ने भोक्ताओं को ठंडक पहुंचाने तथा शरीर पर लगने वाली धूल की परत को हटाने का लगातार उपक्रम करते रहे। लोटन सेवा के बाद बाद भोक्ताओं ने मंदिर में प्रवेश किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर में कार्यक्रम के आयोजक वनबिहारी साहु एवं प्रदीप साहु ने विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चना की।

पूजा-अर्चना के बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज, ककरिया की मुखिया बिरसमुणी देवी एवं समाजसेवी शिव कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य रुप से आयोजन समिति के सदस्य एवं मंदिर के पुजारी सुरेश देवघरिया के साथ साथ सुदर्शन साहु, चितरंजन कुमार, राहुल कुमार, बसंती देवी तथा लतिका देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके पूर्व भोक्ताओं ने नंगे पांव पट भोक्ता महेंद्र लोहरा के नेतृत्व में कनकी नदी में पवित्र स्नान किया और लोटन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ककरिया पुलिस पिकेट से राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के बाहर गेट तक सड़क पर आशिर्वाद के आकांक्षी सड़क पर नतमस्तक बच्चों के सिर पर अपने पैरो का स्पर्श कराकर आशिर्वाद दिया। आशिर्वाद प्राप्त करने के लिए लोगों में होड़-सी लग गई। मुख्य सड़क पर सुरेश देवघरिया के नेतृत्व में आयोजक जमींदार परिवार ने भोक्ताओं का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं धुप आरती कर कार्यक्रम की सफलता के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

### ककरिया शिव मंडा के दौरान अपने चरणों से बच्चों के सिर पर बरसाया आशीष

मुख्य पथ से मंदिर परिसर तक अपने अपने घर के बाहर ककरिया के निवासियों ने भोक्ताओं का पद प्रक्षालन किया, धूप आरती दिखायी तथा दंडवत प्रणाम किया। ककरिया के ग्रामीणों खासकर आसपास के आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति की ऐसी मिसाल प्रस्तुत किया जिससे शिव की उपासना का अतिप्राचीन भक्ति की शक्ति जीवंत हो उठी। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोक्ताओं में पट भोक्ता महेंद्र लोहरा,रंजीत लोहरा एवं सुभाष बाउरी, थोम्बो उरांव, बिरसा उरांव, मनोज राम, संदीप ठाकुर, अजीत ठाकुर, मंगल मुंडा, गन्दुर उरांव, जगदेव बडाईक, गोगया उरांव सहित अन्य भोक्ताओं एवं आयोजन समिति के सुधीर चंद्र साहु, गंगाधर साहु, देवेंद्र वर्मा, सुमित कुमार, अनिल कुमार साहु, सुभाष चन्द्र साहु, उदय साहु, चुनिया राम, लक्ष्मी नारायण साहु, प्रवीण कुमार, बिपिन जयसवाल, प्रशांत कुमार, प्रभात कुमार, पवन कुमार साहु, समीर गुप्ता सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दूसरे दिन देर रात रात्रि जागरण एवं छऊ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बाघवार अकादमी के बच्चे सम्मानित

**प्रातः आवाज**

**चान्हो।** रांची जिला के चान्हो स्थित बाघवार अकादमी के प्रांगण में साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गुरुवार को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हिस्सा लेते हैं। इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा 4 के सांची सलोनी, सेलिना केरकेटा तथा शिवानी उरांव ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड



जीता इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 88 रहा।कक्षा 5 की परिधि सहदेव, काजल कुमारी, अंजना कुमारी, मीठी कुमारी तथा ओलिव इक्का ने अपनी कक्षा में क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे स्थान पर आते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीतकर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। कक्षा 7 की शालिनी कुमारी, प्रियांशु कुजूर तथा प्रियांशु कुमारी ने अपनी कक्षा में पहले, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 8 की प्रिया कुमारी, वैष्णवी कुमारी एवं श्रेया रानी ने अपनी कक्षा में पहले दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहते हुए प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। अन्य विद्यार्थियों में कक्षा 4 के खुशी उरांव, कुमारीकृति मिंसतथा सोनम टोप्पो ने क्रमश पहले दूसरे तीसरे तथा चौथे स्थान पर आकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी बच्चों को मिडिल एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुएआगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी । उन्होंने यह भी कहा कि यदि व्यक्ति में आत्मविश्वास तथा दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो वह किसी भी मंजिल को सफलतापूर्वक हासिल कर सकता है। इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी, राहुल गांधी का फार्मूला पांच राज्यों में फेल : शमीम अख्तर

**मांडर (प्रातः आवाज)।** 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, वेणुगोपाल, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का फामूर्ला और कथन फेल होता नजर आ रहा है। उक्त बातें शमीम अख्तर आजाद रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कही है। एक तरफ कांग्रेस मुसलमानों को बीजेपी का डर दिखती है तो दूसरी तरफ भाजपा छोड़कर आये नेताओं को टिकट देकर सम्मानित करती है। देश और संविधान बचाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ मुसलमानों के लिए है? यह घिनौना खेल नव सेकुलरवाद की नई परिभाषा तो नहीं? एक तरफ 2%, 3% वालों को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो दूसरी तरफ 18%, 20% से लेकर 33% प्रतिशत मुस्लिम आबादी में मुसलमानों को टिकट से वंचित कर देती है। झारखंड में 14 लोकसभा सीट में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, महाराष्ट्र में 48 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, दिल्ली में 7 सीट मुस्लिम आबादी 12 प्रतिशत प्रतिनिधित्व शून्य, राजस्थान में 25 सीट 9 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, मध्य प्रदेश में 29 सीट 7 प्रतिशत मुस्लिम आबादी प्रतिनिधित्व शून्य, इस आंकड़े से ऐसा लगता है कि महागठबंधन मुसलमानो को राजनीति में अघोषित अछूत समझती है। झारखंड में साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर ऐसे जिले हैं जहां मुस्लिम आबादी 20% से भी अधिक है, राजमहल में मुस्लिम आबादी 33 परसेंट है जो (23) रिजर्व सीट है। इंक्लूसिव राजनीति और सेकुलर वाद राजनीति की हिमायत करने वाली इंडिया महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां भी मुस्लिम मुद्दोंऔर टिकट देने के मामले पर फेल साबित हो रही है।

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि मनायी गयी




**सोनाहातू (प्रातः आवाज)।** किसान नेता सह पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा की तीसरा पुण्यतिथि राजेंद्र सिंह मुंडा प्रतिमा स्थल बरसालडीह सोनाहातू में सम्मान पूर्वक मनायी गयी। इस दौरान संविधान, देश की रक्षा और लोकतंत्र की रक्षा करने का शपथ लिया गया। राजेन्द्र सिंह मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने राजेन्द्र सिंह मुंडा के जीवनी पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा राजेन्द्र सिंह मुंडा जीवनपर्यंत किसानों, मजदूरों के लिए संघर्षरत रहे। इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो, घुरन पातर, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विकास मुंडा, अंचल कौंसिल सदस्य बसंत मुंडा, डोमन मुंडा, विशेश्वर महतो, राजेन्द्र सिंह मुंडा, कलेवर मुंडा, जगदीश मुंडा, शंकर मुंडा, गोवर्धन मुंडा, जदु पाहान, नुनी बाला देवी, संयोती देवी, हैप्पी मुंडा, नेपाल मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा, मनबोध सिंह मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता डोमन सिंह मुंडा ने की।

नामकुम : झांकी में रामायण दल बड़ाम व शस्त्र प्रतियोगिता में करमटोली रही विजेता

## राम संस्कार है, राम पितृ भक्ति का अनोखा उदाहरण है : सेठ

**प्रातः आवाज**

**नामकुम।** महावीर मण्डल केंद्रीय समिति नामकुम की ओर से आयोजित रामनवमी के अवसर पर नामकुम बाजार में भव्य अखाड़ा, झंडा मिलन व शोभा यात्रा के 24 झांकिया नामकुम बाजार मैदान में अखाड़ा के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व आयोजित किया गया। इस दौरान सभी शोभा यात्रा, झांकियां व जुलूस में बेहतर करने वालों सभी समिति के अध्यक्षों को ट्रॉफी, तलवार व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व डीजी बीबी प्रधान, पूर्व डीडीसी राकेश रौशन, पूर्व विधायक की पत्नी सीता लकड़ा व विशिष्ट अतिथि में भाजपा की प्रदेश उपाध्यख आरती कुजूर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बह्मदेव प्रसाद, वरीय नेता प्रभुदयाल बड़ाईक, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुण्ड़ा,कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रमेश पाण्डेय अंजली लकड़ा, महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह उर्फ वीकू सिंह, अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा के द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**विजेता टीम :** इस दौरान झांकि में पहले स्थान पर रामायण दल बड़ाम, दूसरे स्थान पर कुम्हार टोली जोरार, तीसरे स्थान पर नामकुम स्टेशन व चौथे में श्री महावीर मंडल कुटियातू पांचवे में बजरंग दल सिदरौल रहा। वहीं अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में पहले स्थान पर करम टोली, दूसरे स्थान पर बजरंग दल, तीसरे स्थान पर शहीद बिरसा क्लब जोरार व चौथे स्थान पर रामायण दल जोरार विजेता रही।

सभी को पहले स्थान पर आने वालों 4100 नगद, पांच तलावार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे स्थान आने वालों को 2100 नगद, चार तलवार व ट्रॉफी, व तीसरे व चौथे स्थान वालों को तीन तलवार को ट्रॉफी व सभी 16 अखाड़ा टीमों को तलवार के साथ-साथ भगवान राम का तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि राम पूरे भारत वर्ष मे ही नहीं दुनिया के लिए आदर्श है। राम संस्कार है, राम पितृ भक्ति का अनोखा उदाहरण है।

# रामनवमी जैसा पर्व हमारे अंदर उर्जा का संचार करता है : राजकमल

## ■ लापुंग प्रखंड के नावाटोली, ककरिया एवं पोकटा में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई ■ शोभायात्रा के दौरान एक दर्जन से अधिक गांवों में अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ■ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ रामनवमी पर्व

**प्रातः आवाज**

**लापुंग।** प्रखंड के दर्जनों गांवों में रामनवमी का भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। लापुंग के नावाटोली, ककरिया एवं पोकटा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नावाटोली में समाजसेवी राजकमल गोप की देखरेख में आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा बडाईक सचिव संजय कुमार महतो, अजय महतो, श्यामलाल शेखर सिंह, यशवंत सिंह, रंजीत महतो रविंद्र हजम लोचन सिंह बसंत तिर्की नपिंद्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि हमें भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में समाहित करना चाहिए। वहीं राजकमल गोप ने कहा कि रामनवमी जैसा





पर्व हमारे अंदर उर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा में बगैर भेदभाव के सभी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। यह अच्छा संकेत है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया संतोष तिर्की ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार को मिलकर ही मनाना चाहिए। इससे समाज सुसंगठित और सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया दुर्गा उरांव, अलका तिर्की, सुखदेव उरांव, सुनील होरो, आमंत्रित अतिथि इंद्र सागर भगत, फगुआ भगत, भुवन महतो,मनोज उरांव, राजू महतो, रुपनाथ सिंह, शहीद कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर पोकटा गांव में समाजसेवी अनिल कुमार साहु, मनोज कुमार साहु, विवेक कुमार, रौशन कुमार, संतोष कुमार, कृष्णा कुमार, राजेन्द्र गोप सहित अन्य लोगों के संयुक्त नेतृत्व में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पोकटा गांव में कारुम, अकमरोमा, चम्पाडीह, डाडी.सहित कई गांवों के लोगों ने शोभा यात्रा के दौरान अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया। फतेहपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि रामनवमी भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर मनायी जाती है। हमें मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आचरण को अपने हृदय में समाहित करें तो सकारात्मक दृष्टिकोण स्वयं सिद्ध हो जाएगा। सभी मेहमानों को रामनवमी पूजा समिति की ओर से जय श्री राम का पट्टा वितरण किया गया। इसके पूर्व ककरिया में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ककरिया में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया बिरसमुणी देवी शामिल थी। उन्होंने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर सेमला, डांड़ टोली,कुसुम टोली, कोंयसारा, दरमीटोली सहित विभिन्न गांव के अखाड़ा धारी शामिल हुए। ककरिया अखाड़ा धारियों ने सभी का अलग-अलग स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से गंगाधर साहु, बांदे हेरेंज, देवेंद्र वर्मा, सुमन साहु, रूपेश कुमार पाठक, बिपिन कुमार, समीर गुप्ता, शिव कुमार सिंह, पवन कुमार साहु सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लापुंग प्रखंड में जुलूस लापुंग के अलावे ककरिया महूगांव, लालगंज, दोलैचा, नवाटोली सहित अन्य गांवों में भव्य जुलूस निकाला गया। लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सशस्त्र बलों के साथ जुलूस की निगरानी करते दिखे।

## समाचार सार

### जेसीआई रांची ने रामनवमी के उपलक्ष्य में तरबूज, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम का किया वितरण



**रांची (प्रातः आवाज)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेसीआई रांची ने रामनवमी के उपलक्ष्य में तरबूज, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम का वितरण किया। दिन की शुरुआत महावीर चौक पर झंडा पूजन कर की। उसके पश्चात दिन से ही सर्जना चौक के समीप कैंप में राम भक्तों के बीच ताजा तरबूज, शरबत, चिप्स एवं आइसक्रीम का वितरण किया। हजारों की संख्यां में मौजूद सभी राम भक्तों का स्वागत किया गया। संस्था के सदस्य, महिलाएं एवं बच्चो की मौजूदगी में सभी झांकियों का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य जालान, सुमित केडिया, पीयूष सरावगी एवं रजत साबू ने किया। राम भक्तों की सेवा के लिए जेसीआई रांची की एंबुलेंस भी सेवा में रखी गयी थी। मौके पर जेसीआई रांची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दामोदर अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनीष रामसिसरिया, अमित खोवाल, नीरज पोद्दार, नवीन गरोड़िया, संजय शर्मा आदि मौजूद थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' और 'प्रवाह' वार्षिक समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को किया गया सम्मानित




**रांची (प्रातः आवाज)।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह 2023-24 का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। 'प्रवाह' अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को 'हैट्रिक उपस्थिति' के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित थे, जो इस समारोह के साक्षी बनें। समारोह में 1500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की और अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे भी भविष्य में ऐसे पुरस्कार के हकदार बनें।

### सीआईटी के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक साह की असामयिक मौत पर शोकसभा आयोजित



**रांची (प्रातः आवाज)।** सीआईटी में शोकसभा के बाद कक्षाए स्थगित कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अध्यनरत 2022 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक साह की असामयिक मौत को लेकर गुरुवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर मृत छात्र की आत्मा की शांति के लिए विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि छात्र विवेक काफी होनहार और मिलनसार था। उसकी मृत्यु से संस्थान को अपूरणीय क्षति हुई है। दुःख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को दुःख सहने का सबल प्रदान करें। मालूम हो कि मृतक छात्र झारखण्ड के गोड्डा जिले के खिरोउंधी गांव का रहने वाला था और छुट्टी के दौरान अपने घर गया था जहां विगत 16 अप्रैल को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद छात्र की मृत्यु हो गई। छात्र की मौत को लेकर संस्थान में शोक की लहर है। शोक सभा के बाद सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गईं।

### राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम ने किया सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स बारियातु का निरीक्षण



**रांची (प्रातः आवाज)।** प्रयास सह प्रोजेक्ट इम्पैक्ट-एनईपी की समीक्षा के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम ने आज सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स बारियातु, रांची का निरीक्षण किया. टीम में श्री मनोहर लाल (मैनेजर एस ओ ई) श्री मृणाल मिश्रा (केयर इंडिया) श्री कौशल किशोर (एस डी पी ओ) श्री जयंत कुमार (सहायक अभियंता)अंजनी कुमार (कनीय अभियंता) तथा अन्य पदाधिकारी शामिल थे. टीम ने विद्यालय के वातावरण, शिक्षकों के दायित्व, विद्यालय के संरचना, प्रयोगशाला, पुस्तकालय,वर्ग कक्ष, प्रोजेक्ट संपूर्णा, आई सी टी लैब, आई टी लैब, स्पोर्ट्स गैलरी, हेल्थ केयर लैब, सी सी ए एक्टिविटी रूम आदि की गहन जाँच की. टीम ने विद्यालय व्यवस्था पर संतोष जताते हुए और बेहत्तर करने का निर्देश दिया. कई सुझाव भी दिए गए जिसपर विद्यालय प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया. बच्चों की उपस्थिति को अधिक से अधिक बढ़ाने तथा लैब एवं पुस्तकालय के अधिक से अधिक उपयोग करने की बात कही।

### रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान जुलूस में शामिल 200 से ज्यादा लोगों के मोबाइल व पर्स की चोरी

**रांची (प्रातः आवाज)।** रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान राजधानी रांची के मेन रोड में शहीद चौक से अलबर्ट एक्का चौक होते हुए ओवरब्रिज तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात थे, इसके बावजूद पुलिस जवानों पर पॉकेटमार भारी पड़े। जुलूस में शामिल 200 से ज्यादा लोगों के मोबाइल व पर्स की चोरी हो गई। कोतवाली में 40, डेली मार्केट में 37 और लोआर बाजार में 17 पीड़ित पहुंचे और मोबाइल व पर्स चोरी होने की सूचना दी। शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में साहिबगंज का बच्चा चोर सक्रिय रहा। भीड़ में शामिल लोगों ने पांच बच्चों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा। तीन बच्चों को कोतवाली और दो बच्चों को डेली मार्केट थाने में रखा गया है। फिलहाल पकड़े गए बच्चों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

# आदिवासी का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : बाबूलाल मरांडी

- प्रदेश कार्यालय में भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक आयोजित

प्रातः आवाज




**रांची।** एसटी लोकसभा प्रभारी रामकुमार पाहन की अध्यक्षता में भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में 8-8 जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है। लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बताएं।

मरांडी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनजाति समाज की बहुलता वाले गांव में जाकर शत प्रतिशत मतदान कराएं। मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमों- कांग्रेस-राजद की सरकार ने जनजाति समाज को पिछले विधान सभा चुनाव में गुमराह एवं प्रलोभन देकर झारखंड में सरकार बनाया था, उसका पदार्फाश करें।वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को मोर्चा के जनजाति नेता-कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन करेंगे।

### बाबूलाल मरांडी ने पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी



**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं।

गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा।

मीडिया में दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के उस बयान को लेकर छपी खबर पर उन्होंने चिंता जाहिर की है जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस और चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला उम्मीदवारों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दशार्ता है। चुनाव आयोग और पुलिस से आग्रह है कि गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी ना हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य के डीजीपी इस पर संज्ञान लें। पिछले दिनों सरायकेला जिले के मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा के साथ ग्रामीणों की झड़प हो गयी थी। उन्हें एक घंटे से अधिक समय तक बंधक बना कर रखा था। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से उन्हें सुरक्षित निकाला गया था। इस मामले में भाजपा की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी।

# इंडी गठबंधन की रैली पर भाजपा ने साधा निशाना 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो है ये'

- यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है : प्रतुल

प्रातः आवाज



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने इंडी गठबंधन की 21 अप्रैल की रैली पर निशाना साधते हुए इसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू यादव का परिवार, स्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार तथा गांधी परिवार नजर आएगा।

गुरुवार को प्रदेश मीडिया सेंटर हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रतुल शाह देव ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर से एक मंच पर आया है।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी, सीबीआई या आईटी की इंक्वायरी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को मिला, जबकि 63 प्रतिशत हिस्सा विरोधियों को मिला।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ें तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडी एलायंस के दलों को दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।

### रन फॉर डेमोक्रेसी 21 अप्रैल को मोरहाबादी मैदान में

**रांची (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसको लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सहित मतदाता प्रेरक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को सुबह सात बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

### अधिवक्ता राजीव कुमार के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 25 अप्रैल को

**रांची (प्रातः आवाज)।** कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल कैद

**रांची (प्रातः आवाज)।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में सात अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने को कहा तो वह बाद में मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के दूसरे दिन आठ अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित पांच गवाहों की गवाही दर्ज की गई।

### जैक मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट आज जारी करेगा

रांची। लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिए चुनाव आयोग जोरशोर से जुटा है। दूसरी तरफ झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक शुक्रवार को मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार रहता है। जैक के सभागार में शुक्रवार को 11.30 बजे रिजल्ट जारी होगा। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं इंटर की परीक्षाओं में 3,44,822 परीक्षार्थियों शामिल थे। दोनों लेबल की परीक्षाओं के नतीजे छात्र और छात्राओं के आगे के भविष्य की राह खोलते हैं। रिजल्ट जारी करने को लेकर काउंसिल की तरफ से तैयारी पूरी की जा चुकी है।

# झारखंड में चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

- राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी

प्रातः आवाज




**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी।

चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर होने की संभावना है।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की आमतौर पर भुगतान को लेकर शिकायत रहती थी, जिसे इसके माध्यम से दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर ईवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे, जिसके हर गतिविधियों पर आयोग की नजर होगी। इसपर करीब एक करोड़ खर्च होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इसमें कई तरह के फीचर हैं जो हमें मॉनिटर करने में काफी सहायक होगा। इस बार 85 साल से ऊपर के मतदाता और दिव्यांग वोटर के लिए भी गाड़ी की व्यवस्था करनी है। इसलिए चुनाव के दरम्यान इस बार गाड़ियों की संख्या काफी अधिक होगी। वाहन मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गाड़ियों के प्रबंधन को काफी सरल कर दिया गया है। उदाहरण के तौर पर पुलिस की गाड़ियों को संबंधित जिले में ही पैसों का भुगतान कर दिया जाएगा। सिर्फ तेल जिस जिले में उन्हें ड्यूटी पर लगाई जाएगी उस जिले में उन्हें मिलेगा।इसी तरह अन्य सरकारी एवं निजी गाड़ियों के लिए भी प्रबंध को सरल किया गया है।

# ऐतिहासिक होगी 'न्याय उलगुलान महारैली' : राकेश सिन्हा

- रैली को लेकर गठबंधन नेताओं ने की प्रेसवार्ता
- रैली में गठबंधन के कई नेता होंगे शामिल

प्रातः आवाज




**रांची।** रांची में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की न्याय उलगुलान महारैली आयोजित होगी। इसके लिए आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है। गुरुवार को आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने न्याय उलगुलान महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस भवन में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की।

प्रेसवार्ता में गठबंधन नेताओं ने जानकारी दी कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव इस महारैली में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। साथ ही नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला भी महारैली में आएंगे।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। यह रैली ना केवल झारखंड की, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।

सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते हैं लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। वह लगातार कई दौरे पर आए, कई कार्यक्रम हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई।

प्रेसवार्ता में झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी। लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे। झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी। जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले झामुमो के तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे। साथ ही अन्य दलों के भी दो लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। पांच लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है, इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे।

राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी, वह इलाका एचईसी में आता है। एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से रांची में भाजपा के सांसद हैं। उनकी जवाबदेही तय होगी। हमारे वरीय नेता आएंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आईनएडीआईए काफी मजबूत है। 2024 लोकसभा चुनाव में हम लोग भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

प्रेसवार्ता में झामुमो के मनोज पांडेय, भाकपा माले से नदीम खान, आम आदमी पार्टी से रोहित श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

### न्याय उलगुलान रैली को लेकर जिला स्तरीय मैदान प्रबंधन समिति का गठन

**रांची (प्रातः आवाज)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के न्याय उलगुलान रैली के सफल आयोजन को लेकर इंडी गठबंधन के राजनीतिक दलों से समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय मैदान प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। समिति में 17 लोगों को शामिल किया गया है। इनमें झामुमो से मुस्ताक आल, हेमलाल कुमार मेहता, अश्विनी शर्मा, राकेश किरण महतो, कांग्रेस से डॉ कुमार राजा, भाकपा से अजय सिंह, लालदेव सिंह, भाकपा –माले से सुरकनाथ लोहरा, सुरेश मुंडा, भुवनेश्वर केवट, सुदामा खलखो, आप पार्टी से संतोष रजक, अशोक उरांव, टीएमसी से जेपी साहू, जगदीश साहू और राजद से धमेन्द्र महतो एवं राम भजन सिंह शामिल है। यह जानकारी झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को दी।

# ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो नबालिग की समेत तीन लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब 6 लोग जख्मी हैं, दो जख्मी की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक और घायल लोग पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले हैं। मृतक की पहचान 43 वर्षीय जुगनू बीबी, सात वर्षीय सान्या प्रवीण और आठ वर्षीय सायबा के रूप में हुई है।

सभी जख्मी का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में किया जा रहा है।



मृतक के परिजन एवं अन्य लोगों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल चौक को जाम कर दिया है। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के बाद परिजन एवं अन्य लोगों को समझाया बुझाया गया और इसके बाद जाम को हटाया गया।

हंगामा के बाद डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद घायल और मृतक के परिजनों ने शव के साथ अस्पताल चौक को जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि घायलों को बचाया जा सकता था, लेकिन इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी और ऑक्सीजन भी नहीं था। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी इलाज करने के बजाय फरार हो गए। डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मियों के भागने के बाद काफी देर तक हंगामा हो रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद शहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया।

# बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

प्रातः आवाज

**पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप सड़क हादसे में जान गवा बैठे दोनों मोपेड सवार युवकों की पहचान गुरुवार को कर ली गई। एक मृतक की पत्नी और बहन ने दोनों शवों की पहचान की। थाना प्रभारी अंचीत कुमार के अनुसार मृतकों में चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई गांव के बेने समद (22) और महेश टोपनो (25) शामिल हैं।

रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर पोंची बाबा चौक के समीप बुधवार की शाम अर्श यात्री बस की चपेट में आकर दोनों मोपेड सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया था।



एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दोनों युवक मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अर्श बस की चपेट में आ गए। करीब 25 मीटर तक बस के बगल के साइड हिस्से में फंसकर घिसटाते चले गए थे। एएसआई राजीव और पुलिस के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया था।

इधर, एएसआई बसंत दुबे ने बताया कि गुरुवार को एमआरएमसीएच में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सतबरवा थाना पहुंची बेने समद की बहन सुरमी समद और पत्नी मार्था गुड़िया ने शव की पहचान की। टीवीएस मोपेड की भी पहचान की। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की काफी तारीफ की थी। पुलिस ने मोपेड और बस को कब्जे में ले लिया है।

मृतक की बहन सुरमी समद ने बताया कि उसका भाई लोहरदगा के कुलहासा अपने ससुराल जाने के लिए एक दोस्त के साथ निकला था। उसकी मौत से रामनवमी की खुशी मातम में बदल गई। पत्नी मार्था ने बिलखते हुई जानकारी दी कि उसके पति बेने की बात मोबाइल पर हुई थी। उन्होंने बताया था कि लातेहार पहुंच रहे हैं, जल्द ही लोहरदगा पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि सतबरवा थाना से जानकारी मिली की उसके पति की दुर्घटना में मौत हो गई है। उसका एक छोटा सा मासूम बच्चा है। हमलोग आदिवासी समुदाय से हैं। कहकर फिर से बिलखने लगी।

## पलामू में लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन पत्र की बिक्री शुरू




**मेदिनीनगर (प्रातः आवाज)।** पलामू में लोकसभा चुनाव को लेकर आज मेदिनीनगर समाहरणालय में नामांकन पत्र की बिक्री हुई जिसमें कूल चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र खरीदा जिसमें भाजपा से विष्णुदयाल राम, आरजेडी से ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया और भागीदारी पार्टी के प्रत्याशियों के नाम से नामांकन पत्र की बिक्री हुई। वहीं नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल रखी गई है। 26 अप्रैल को स्कूटनी और 29 अप्रैल को नाम वापसी का डेट रखा गया है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशाशन के द्वारा कई गाइडलाइंस भी जारी किया गया है। इसकी जानकारी पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने दी।

## घर व खलीहान में आग लगने से लाखों का नुकसान



प्रातः आवाज

**उंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड थाने के मलवरिया गांव में गुरुवार की दोपहर बाद खलिहान व उससे सटे एक घर में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की दोपहर शार्ट सर्किट से एक खलिहान में आग लग गयी। खलिहान में अरहर और गेंहू रखा हुआ था। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज थी कि बगल के कई घर में भी उसकी लपटें पहुंच गई। पूर्व जिला पार्षद सह मलवरिया गांव निवासी मनोज कुमार सिंह इसकी तात्कालिक सूचना थाने व दमकल को दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों व दमकल की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक काफी कुछ जल चुका था। ग्रामीणों की ततपरता से घरों में आग लगने से किसी तरह रोका गया। पूर्व जिला पार्षद ने बताया कि मलवरिया के राधेश्याम राम, महेंद्र राम व सीताराम के खलिहान में आग लगी थी, आग की तेज लपटों से जनेश्वर रजवार के घर में भी आग लग गई, ग्रामीणों की मदद से कईल रजवार और रामजीत रजवार के घर को किसी तरह जलने से बचा लिया गया। वहीं खलिहान में रखा हुआ सभी गेहूं और अरहर जलकर राख हो गया।

# रामनवमी के अवसर पर पांकी में 65 फीट लंबे रावण का पुतला दहन

विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाल सूरज, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता समेत कई नेता हुए कार्यक्रम में शामिल

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर 65 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर रामनवमी की संध्या लगभग 7:30 बजे विशालकाय रावण का पुतला पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाल सूरज के हाथों संयुक्त रूप से किया गया। रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाल सूरज भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा नेता शंकर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अतिथियों को नवयुवक संघ पुरानी पांकी पूजा समिति के लोगों ने अंग वस्त्र एवं शस्त्र देकर सम्मानित किया।



मौके पर उपस्थित स्थानीय कलाकार समेत पूजा समिति के लोगों की जमकर सराहना करते हुए पांकी विधायक ने उन्हें भी सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के पश्चात विशालकाय 65 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया गया। अग्निबाण लगते ही रावण का पुतला धू धू कर जल उठा, पुतले में लगे पटाखे एवं श्रद्धालुओं के जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। आपको बता दें की रावण दहन कार्यक्रम को देखने पांकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ सिंचाई विभाग के मैदान में उमड़ी थी। मौके पर मौजूद नवयुवक संघ पुरानी पांकी के कर्ताधर्ता सुरेंद्र सिंह, पारस सिंह, राजन कुमार सिंह, अनुज सिंह, स्थानीय कलाकार सन्नी सिंह, कलवंत कुमार, कामाख्या सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## समाचार सार

### 23 अप्रैल को सीपीआई उम्मीदवार करेंगे पलामू लोकसभा से नामांकन




**पलामू (प्रातः आवाज)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू लोकसभा से भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया का नामांकन 23 अप्रैल को होगा नामांकन की प्रक्रिया पांकी रोड नियर बुढ़वा शिव मंदिर के पास से प्रारंभ होगी नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो महाराष्ट्र राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता हजारीबाग, एवं रांची जिला सचिव अजय सिंह भाग लेंगे। श्री तिवारी ने आम एवं किसान मजदूर भाइयों नौजवान भाइयों माता बहनों से रिक्शा टेंपो चालकों से अपील किया है कि अमीर और गरीब की लड़ाई की प्रक्रिया में होने वाले नामांकन में आगामी 23 अप्रैल को हजारों की संख्या में 11:00 बजे दिन में आप शामिल होकर संघर्ष को तेज करें एवं अपनी एकजुट का परिचय दें। क्योंकि आज के समय में कॉर्पोरेट पक्षी पार्टियों को हारने के लिए चट्टानी एकता का परिचय दें। एवं फासीवादी टैक्टर को हराने का संकल्प ले हमारी जीत किसान मजदूर मेहनतकश की जीत होगी।

### महुलिया में कलश यात्रा में शामिल हुए जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह



**पलामू (प्रातः आवाज)।** सनातन संस्कृति गांव महुलिया में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पाटन के जिला परिषद जय शंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह पाटन छतरपुर के कर्मठ पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, प्रशांत किशोर उर्फ बंकु, मौके पर पूर्व शिक्षक ललन पांडे, बिनय पांडे आदित्य पांडे, अवधेश पांडे, ननदेव पांडे, चंद्रदेव पांडे, सरयु पांडे, संजय पांडे, बबन पांडे, गौतम पांडे, श्रीकांत पांडे, राजीव पांडे, प्रेमचंद पांडे, मिथलेश शर्मा, प्रहलाद शर्मा, अभिषेक पांडे, आनंद पांडे, इंदु राम राजा शर्मा, बिरिन पांडे, मालदेव पांडे , रामजन्म पांडे और हजारों महिला पुरुष शिव भक्त मुख्य ब्राह्मण पंडित कृष्णा पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश यात्रा की शुरूआत किया गया। जो ग्राम महुलिया से टंडवा जिनजोई नदी से कलश भरकर चिलचिलाती गर्मी में जयकारा लगाते हुए वापस आए ग्रामीणों के कठोर प्रयास से गांव में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कर सनातन धर्म का परिचायक बने। जिला परिषद ने कहा कि मंदिर निर्माण से आस-पास का वातावरण और माहौल भक्तिमय बना रहेगा सुख शांति धर्म और संस्कृति दोनों हमेसा खुद को याद दिलाता रहेगा।

## वार्ड पार्षद ने रामनवमी पर कमेटी के लोगों को किया सम्मानित



प्रातः आवाज

**पलामू।** रामनवमी के शुभ अवसर पर ओजस्विनी महिला परिषद के तरफ से जिला अध्यक्ष सह पार्षद चंचला देवी ने अपने पूरे टीम के साथ रामनवमी पूजा के सभी कमेटी के लोगों को अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित करने का काम किया। मौके पर उपस्थित सुधा गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, कविता देवी, रीता देवी, अजीत पाठक, अविनाश राजा, डॉ आदित्य अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल शामिल हैं।

वहीं दूसरे टीआरएफ रामनवमीपूजा के शुभ अवसर पर डाल्टनगंज चैनपुर शाहपुर सभी कमेटी के लोगों ने युवा समाजसेवी सभी विजय चंद्रवंशी को अंग वस्त्र एवं तलवार भेंट सम्मानित किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद चंचल देवी और युवा समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने कहा कि रामनवमी पर आपसी सद्भाव एकता और भाईचारा का संदेश देता है हम सब को श्री राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। तभी राम महाराज की स्थापना होगी। एक दूसरे को सम्मानित करने की परंपरा पलामू में हम लोगों को पूर्वजों से मिली है और इस परंपरा का पालन हम लोग बरसों बरसों से करते चले आ रहे हैं और आगे भी करेंगे।

# मन के मंदिर में राम के स्वरूप को संवारना ही हमारे लिए सच्ची श्रद्धा : अविनाश देव

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े, क्लब, दल के लोग सम्मान समारोह में संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव को आमंत्रित कर पगड़ीपोशी फूलमाला शौर्य के प्रतीक तलवार देकर बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया। राम भक्तों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि राम की सौम्यता सब को भाती है। राम आम के जुबान पर रहते हैं, खुशी और विषाद दोनों में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं। खेत खलिहान से लेकर सेठ के खाता बही पर राम विराजते हैं। वाल्मीकि तुलसी के महाकाव्य राम के रास्ते मुक्ति के मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है। किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। राम का जन्म ही शत्रुओं के संहार के लिए हुआ था और गुरु के एक बात पर शस्त्र व शास्त्र के शिक्षा के लिए पिता भरोसा कर आश्रम भेज दिए। किंतु आज परंपरा को छोड़ राम को हाईटेक बना डराने के उपयोग किया जा रहा है। पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के खयाल किए बगैर युवा को जुलूस में डी जे पर डांस करते देखा गया किंतु उनके विचारों पर अमल नहीं। पुरानी परंपरा संस्कृति शालीनता स्नेह नफरत के आग और ऊंची आवाज में दबता जा रहा है। कोई भी संगठन के लोग तलवार के जगह रामचरित मानस के पुस्तक नहीं दिया जिसे युवा पीढ़ी पुनर्पाठ कर सके और उससे रामराज्य लाने का सूत्र निकाल सके। आखिर यह तलवार हम किसके लिए खींच रहे हैं? हम जिला प्रशासन, हर संगठन के प्रधान, छात्र युवा से गुजारिश करेंगे राम के विचारों को फैलाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। राम जहां भी गए मित्र बनाए और मोहब्बत से रहने का पाठ पढ़ाए। रामनवमी में राम भक्तों के उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप, लंगर, पीने का पानी, चलंत शौचालय, चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वें सभी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने जनपक्षिये चेतना को जागृत किया।



## 1050 महिला मतदानकर्मियों को मिला द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण

**पलामू (प्रातः आवाज)।** डालटनगंज के गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में गुरुवार को एक हजार पचास महिला मतदानकर्मियों को पीठासीन, प्रथम एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव सिन्हा व दिनेश चंद्र राम ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर अनुसमर्थन प्रदान किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि त्रुटि रहित मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण ही क्षमता विकास का मूलाधार है। इसलिए इसे आत्मसात करना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण में टेंडर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, माकपोल, प्रपत्रों का संधारण, सील करने की विधि, मतदान संचालन, आपसी समन्वय, ईवीएम संचालन व चुनाव आचार संहिता का पालन सहित प्रत्येक विन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया।

### रामनवमी में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने लगाया कैंप



**मेदिनीनगर (प्रातः आवाज)।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की अनुसंगिक इकाई झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से रामनवमी पूजा महोत्सव पर शहर थाना के सामने कैंप लगाया जहां मेडिकल सुविधा के अलावा पेयजल के साथ बिस्कुट चाय की व्यवस्था झंडाप्रेमीयों एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई थी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयोजित रामनवमी महोत्सव स्टॉल को भगवान श्री राम एवं भगवान श्री परशुराम के तस्वीर से सजाया गया था। वहीं श्रद्धालु भक्तगणों के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसका शुभारंभ युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव भूदेव सोनू मिश्रा, सेवादार दीपक तिवारी, साहेब सिंह नामधारी, शिक्षाविद अविनाश देव, पूर्व जेनरल दुर्गा जौहरी, केमिस्ट ड्रगीस्ट ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, युवा नेता सुर्यांश प्रताप सिंह, सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनीष कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, पलामू नेतृत्वकर्ता विकास दूबे ने संयुक्त रूप से किया। युवा वाहिनी की ओर से आयोजित मेडिकल कैंप की उपस्थित आगंतुकों ने सराहना की। मौके पर रजनीकांत चंदन तिवारी, दिलीप तिवारी, बिट्टू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, अंकित उपाध्याय, मुन्ना पाण्डेय, अमित पाण्डेय, नीरज दुबे, हिमांशु पाण्डेय छोटू, रविन्द्र दुबे, आनंद राज, गोपाल पाण्डेय, राजेश चौबे, सुधाकर दूबे, राहुल पाठक, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रवीण पाठक, संजय पाण्डेय, सुशील तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी गोरख पाठक समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

# एमके डीएवी में पूर्व छात्र की पुस्तक का हुआ विमोचन

## जल सेना में सेकंड नेविगेटिंग ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं लेखक ज्ञान सिंह

प्रातः आवाज

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा का विमोचन किया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह जो बारालोटा



निवासी अखिलेश सिंह एवं सुनैना देवी के पुत्र हैं। उन्होंने इस विद्यालय से 2011 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण अनेक प्रयास किया और प्रथम पुस्तक समथिंग लाइक लव लिखी। उसके बाद कई अन्य रचनाओं के बाद यह क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा पुस्तक लिखी। इसे लिखने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। इसकी 1000 से अधिक प्रतियां छप चुकी हैं। यह पुस्तक शिव पुराण में वर्णित कथाओं को आधार बनाकर लिखी गई है, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर जीएनखान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर, भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन, दोनों उपलब्ध करा सकता है। विद्यालय के छात्र अपने वरिष्ठ छात्र से प्रेरणा लेकर लेखन के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं। यह क्षेत्र भावा भिव्यक्ति का श्रेष्ठ क्षेत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक उन्हें अपनी विरासत से जोड़े रखने का साधन बन सकती है। आध्यात्मिक कहानियों से लिए प्रसंग छात्रों को रोचक लगेंगे और यह पुस्तक उन्हें पसंद आएगी, ऐसा विश्वास है।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सीएस पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, एके पांडे, अमित त्रिपाठी, चंदन कुमार, कन्हैया राय, निशा मल्होत्रा एवं मंजू चंदेल उपस्थित थी।

### लोहरदगा लोकसभा चुनाव को ले अधिसूचना जारी, 24 अप्रैल तक भर सकेंगे नामांकन

# 13 मई को मतदान, नामांकन प्रक्रिया जारी

- शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी गयी। चुनाव को लेकर जिले में प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा गुरुवार को संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि इसके अंतर्गत दिनांक 24 अप्रैल 2024 तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 26 अप्रैल 2024 को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 तक होगी। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई 2024 को होंगे। जबकि मतगणना 4 जून 2024 को होगी। लोहरदगा जिला में निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया के बेहतर आयोजन के लिए कुल 19 कोषांगों का गठन किया गया है जो क्रियाशील हैं। मतदान के लिए पहला रैंडमाइजेशन दिनांक 15 अप्रैल को किया गया जिसके अनुसार कुल 375 बैलेट यूनिट, 375 कंट्रोल यूनिट और 417 वीवीपैट (रिजर्व सम्मिलित) हैं। कमीशनिंग 1 मई से 10 मई 2024 तक की जाएगी। मतदान को लेकर 30 अप्रैल 2024 से 6 मई 2024 तक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। जिन्होंने घर से मतदान के लिए फॉर्म भरा है उनकी होम वोटिंग फर्स्ट राउंड में 2 से 7 मई 2024 तक जाएगी। सेकेंड राउंड की वोटिंग 9 से 10 मई 2024 तक होगी। पोस्टल बैलेट की वोटिंग 7 से 9 मई 2024 तक होगी। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन के लिए जेनरल ऑब्जर्वर के रूप में केडी कुंजन, (भाप्रसे, 2009 बैच), पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में मनोज कुमार (भापुसे, 2006 बैच) और व्यय प्रेक्षक के रूप में रिजॉय कृष्णन की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल 68 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 5 एफएसटी और एस एसटी दल गठित है और क्रियाशील है।

#### जिले के 324 बूथों में 3 लाख 69 हजार 158 मतदाता

लोहरदगा लोकसभा में कुल 1748 बूथ है। जिसमें लोहरदगा जिले में लोहरदगा लोकसभा के 324 बूथों में 3 लाख 69 हजार 158 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमे 1 लाख 85 हजार 866 महिला मतदाता और एक लाख 83 हजार 290 पुरुष मतदाता शामिल है। वही पहली बार वोट डालने वाले वोटर की संख्या 13621 है और 85 प्लस उम्र वाले मतदाताओं को संख्या 1762 है। डीसी ने बताया कि चुनाव को लेकर 68 सेक्टर पदाधिकारी, एफएसटी की 5 टीम वही एसएसटी की टीम गुरुवार से सक्रिय हो जाएगी। जो अनैतिक कार्यों, नकदी आदि के रोकथाम में जुटे रहेंगे। डीसी ने बताया कि लोहरदगा लोकसभा में लोहरदगा जिले में पड़ने वाले सभी 324 बूथों में मूलभूत सुविधा की व्यवस्था की गई है। डीसी ने बताया कि सुदूरवर्ती इलाकों में जहां बूथ की दूरी गांवों से अधिक दूरी पर है, वहां इस बार निःशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई है जिससे की मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके।

#### सुरक्षा के इंतजाम पूरे : पुलिस अधीक्षक

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की मांग की गई है। बेहतर कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। प्रत्येक बूथ कवर किया गया है। कुछ बूथों में हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सुदूरवर्ती बूथों में भी मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में अम्बेरा अखाड़ा रहा अव्वल

### महावीर मंडल भंडरा ने रामनवमी पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता किया था आयोजित

प्रातः आवाज



**भंडरा (लोहरदगा)।** महावीर मंडल भंडरा के द्वारा रामनवमी के अवसर पर ठाकुरबाड़ी प्रांगण में रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन देर शाम तक चला। मेला समाप्ति के बाद मेला में आए महावीर मंडल के लोग गाजा बाजा के साथ भंडरा बस्ती भ्रमण की। इस आयोजन में विभिन्न गांव से आए अखाड़े के बीच अस्त्र-शस्त्र चलन नुमाइसी प्रतियोगिता एवं झांकी प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर भाग लेने वाले अखाड़े को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल अंबेरा के अखाड़ा को मिला। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव, विवेक सोनी के साथ महावीर मंडल के सदस्यों ने एक शील्ड, एक बैंड, एक तलवार, एक झंडा दी। द्वितीय पुरस्कार कुम्हारिया गांव के महावीर मंडल अखाड़ा के अध्यक्ष को अतिथि निरूशंति भगत, डॉ संजय कुमार एवं महावीर मंडल के सदस्यों ने दी, जिसमें एक शील्ड, एक बैंड, एक तलवार, एक झंडा पुरस्कार स्वरूप दी गई। तृतीय स्थान भेषमुंडों महावीर मंडल के अखाड़ा को मिली। जिसमें एक शील्ड, एक बैंड, एक तलवार, एक झंडा पुरस्कार स्वरूप महावीर मंडल के अध्यक्ष को राजेश गुप्ता, डॉ अविनाश कुमार, महावीर मंडल के सदस्यों ने दी। मेला आयोजन कमिटी के द्वारा मेला परिसर में चना, गुड़ एवं पानी की व्यवस्था की गई थी। मेला परिसर में प्रशासनिक पदाधिकारी कैंप कर शांति व्यवस्था पर पहली नजर रखे हुए थे इस क्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह अन्य पदाधिकारी के साथ मेला परिसर में कैंप बनाए हुए थे। शांति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सभी महावीर अखाड़े के साथ पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। चौक चौराहा में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति किया गया था।

महावीर मंडल अंबेरा के द्वारा आकर्षक झांकी बनाई गई थी। अंबेरा गांव द्वारा बनाए गए झांकी की सराहना मेला में आए लोगों के द्वारा की गई। आकर्षक झांकी के आधार पर अंबेरा गांव को पुरस्कृत किया गया।

## शोक संवेदना व्यक्त कर मेला व अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता को किया स्थगित



**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा प्रखंड स्थित बुनियादी विद्यालय मैदान में रामनवमी मेला स्थल पर केन्द्रीय रामनवमी पूजा समिति द्वारा केन्द्रीय रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो की अगुवाई में बैठक आयोजित कर सभी ने निर्णय लिया की नवमी के दिन लोहरदगा के अपर बाजार में शोभा यात्रा दौरान डीजे लदा गाड़ी द्वारा दुर्घटना होने से जुलूस शामिल दो राम भक्त की मौत हो गया। तथा दर्जनों लोग घायल हो गये हैं। वही दो राम भक्तों की मौत पर केन्द्रीय राम नवमी पूजा समिती सेन्हा द्वारा दो मिनट का मौन रख कर शोक संवेदना व्यक्त हुए श्रद्धांजलि दिया गया। और घायलों का जल्द स्वस्थ्य होने के लिये भगवान से प्रार्थना किया गया। नवमी को लोहारदगा में आकस्मिक दुर्घटना होने के कारण दशमी को सेन्हा में लगने वाला मेला सह अस्त्र शास्त्र चालन आयोजित प्रतियोगिता को ध्वनि यंत्र के माध्यम से घूम घूम कर स्थगित करने का सभी रामभक्तों को सूचना दिया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में केन्द्रीय राम नवमी पूजा के अध्यक्ष जितेंद्र महतो, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू, सूखैर भगत, जय प्रकाश साहू,केदार नाथ साहु, जोधनरायण साहू, विनोद साहू, रामलगन महतो, दशरथ साहू, विजय सोनी, प्रकाश महतो, अजय महतो, अजय सोनी, अजय साहू सहित अन्य रामभक्त उपस्थित थे।

### शोकाकुल परिजनों व घायलों से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कहा

## घटना काफी दुःखद व पीड़ादायक घायलों का हो रहा समुचित इलाज



प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** जिले में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान डीजे वाहन हादसे में दो लोगों की मृत्यु होने तथा एक दर्जन से अधिक लोग इस दुर्घटना में घायल होने की सूचना के पश्चात गुरुवार को स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंच इलाजरत घायलों से मिले और उनका कुशलक्षेम जाना, इस मौके पर मंत्री ने कहा की यह घटना काफी दुखद एवं पीड़ादायक हैं, संकट की घड़ी में दुखित परिवार के साथ हूं एवं जल्द ही मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, गुड्डू अग्रवाल, राजकुमार डे के पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शोभायात्रा में घटित घटना को ले किया शोक व्यक्त

**कुडू।** रामनवमी शोभायात्रा के दौरान लोहरदगा तथा कुडू प्रखंड में घटित सड़क हादसे में मृतकों के प्रति आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव तथा अन्य ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया तथा घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव ने कहा कि रामनवमी शोभायात्रा के दौरान कुडू प्रखंड के बरवाटोली के समीप सड़क हादसे में युवक भोला राम की मौत हो गई इससे पूरा परिवार बेहाल है। पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाने का प्रयास करेंगे, दूसरी तरफ लोहरदगा में शोभायात्रा में डीजे लदे वाहन की चपेट में आने से शोभायात्रा में शामिल एक अधेड़ तथा एक युवती की मौत हृदय विदारक हैं। जिला प्रशासन से मांग करतें हैं कि तत्काल मृतकों के परिजनों को मुआवजा दे तथा घायलों का इलाज अपने देख रेख में कराएं। सभी मृतकों के प्रति गहरी शौक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना किया पीड़ित परिवार के साथ पुरा आदिवासी छात्र संध दुख की घड़ी में साथ खड़ा है साथ ही हर संभव मदद के लिए पीड़ित परिवार से आदिवासी छात्र संध का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द मिलेगा।

## भाजपाइयों ने जताया शोक, सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों से मिले



**लोहरदगा।** रामनवमी के जुलूस के दौरान डीजे गाड़ी के अचानक अनियंत्रित हो जाने से हुई बड़े हादसे में दो लोगों की मौत पर जिला भाजपा ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। घटना के तत्पश्चात के भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अस्पताल पहुंच इलाजरत मरीजों से मिले तथा उसका हाल जाना। वही लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत बीते रात में ही लोहरदगा के अस्पतालों में भर्ती मरीजों का हालात से रूबरू हुए। जबकि लोहरदगा का लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव रिम्स रांची गए। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्सभा सांसद व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, सधनु भगत, कलावती देवी, सजल कुमार, विश्वजीत शाहदेव, जितेंद्र महतो, बाल्मीकि कुमार, अमित लोहरा, राज किशोर साहू, धनंजय तिवारी, अविनाश शाहदेव, कैलाश साहू, विवेक सोनी, सूरज साहू, बृजनंदन गोप, मंगल गोप सहित अन्य ने की।

### हादसे का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में तेजी से हो रहा है वायरल

**लोहरदगा।** रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र के राणा चौक के समीप हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लोग घटना का सीसीटीवी फुटेज देख पिकअप वाहन चालक की गलती बता रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है ड्राइवर ब्रेक की जगह एक्सलेटर दबाकर स्पीड में शोभा यात्रा में शामिल लोगों को रौंदते हुए करीब 15 से 20 मीटर तक चली गई। जिसके बाद एक रिक्सा में ठोकर लगकर वाहन रुकी तब तक अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। पिकअप वैन की चपेट में आकर 3 दर्जन लोग घायल हो गए थे, वही घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 2 दर्जन से अधिक लोग अभी भी घायल है। वहीं कई लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद वाहन चालक के प्रति लोगो में आक्रोश देखने को मिला हालांकि पुलिस ने डीजे वाहन को जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

### रामनवमी पर अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित, डीएसओ ने कहा

## खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभागियों के कला को निखारने का बेहतर मंच

प्रातः आवाज





**कुडू (लोहरदगा)।** केन्द्रीय महावीर मंडल कुडू के तत्वावधान में रामनवमी के मौके पर बुधवार देर शाम मेलाटंड में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के मौके पर पहुंचे प्रखंड नोडल पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभागियों के कला को निखारने का सबसे बढ़िया मंच है। इस मंच का खिलाड़ी बेहतर प्रयोग करते हुए अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने में लगाए तथा उत्साह को बढ़ाने का काम करें। केन्द्रीय महावीर मंडल कुडू का प्रयास सराहनीय हैं। विशिष्ट अतिथि कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि शहरी क्षेत्र मे आयोजित रामनवमी शोभायात्रा में गंगा जमुनी तहजीब की जो मिसाल कुडू वासियों ने कायम किया है वह जिला तथा राज्य में नजीर पेश करेगा। कुडू प्रखंड के इतिहास सभी त्योहार में आपसी भाईचारा तथा सद्भावना का रहा है जो रामनवमी में देखने को मिला। कार्यक्रम को कई अन्य ने सम्बोधित किया। इससे पहले मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों का मेरा टांड़ पहुंचने पर केन्द्रित महावीर मंडल के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधीवत शुभारंभ किया गया। तलवारबाजी प्रतियोगिता में किरण कुमारी, रोहित यादव तथा दिनेश पासवान विजेता रहे। फरसा बाजी में लोचन बैठा, तपु सारंगी तथा सुजीत भारती विजेता रहे। लाठी प्रतियोगिता में जगबीर, बबलू तथा शुलभ विजेता रहे. बलम प्रतियोगिता में ब्रजेश यादव, मुकुल तथा आशिश विजेता रहे। फैंसी आइटम प्रतियोगिता में सिमरिया के सुरजीत प्रसाद गुप्ता ओवरऑल चैंपियन रहे। झांकी प्रतियोगिता में केन्द्रीय महावीर मंडल कुडू प्रथम, पंडरा द्वितीय तथा बरवाटोली तृतिय रहें। इसके अलावा कई अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पहले केन्द्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों का अंजुमन इस्लामिया कुडू के सदर शमशेर खान के नेतृत्व में पगड़ी पोशी करते हुए स्वागत किया गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में निर्वाचक की भूमिका लाल पप्पू नाथ शाहदेव, ओमकार साहू, ओमप्रकाश साहू, अजय वर्मा तथा लाल विकास नाथ शाहदेव ने अदा किया। मंच संचालन संजय चौधरी तथा अमित कुमार राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ब्रजेश कुमार तथा रवि प्रसाद के द्वारा किया गया।

मौके पर एसडीपीओ श्रदा केरकेट्टा बीडीओ प्रवेश कुमार साव सीओ मधुश्री मिश्रा थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, सलीम अमीर केन्द्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, लाल विकास नाथ शाहदेव, आकाश कुमार राजा, अमित कुमार राज, आनंद कुमार यादव, ब्रजेश कुमार, संजय चौधरी, राजू कुमार रजक, अभिषेक कुमार रिंकू, ओमप्रकाश कुमार, अजय वर्मा, रवि प्रसाद, अमरेश अग्रवाल पप्पू, अनुराग कुमार अन्नू, अमित कुमार बंटू, धीरज प्रसाद, जयराम महतो, पप्पू पूरी, अवधेश उरांव, कुलदीप उरांव, लाल पंकज नाथ शाहदेव, रामखेलावन राम, राजेश कुमार, बरूण बैठा, रामअवतार प्रसाद गुप्ता, विक्की कुमार, अजय कुमार अज्जू, महाबीर प्रसाद गुप्ता, शुभम कुमार, रौनक कुमार, अरबिंद कुमार रजक, आकाश बैठा, रमेश बैठा, सुजीत रजक, गौतम रजक, दिनेश पासवान सहित अन्य शामिल थे।

## समाचार सार

### श्रम अधीक्षक ने किया बूथ निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश




**सेन्हा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता केंद्रों में मतदाताओं और मतदानकर्मियों के लिये आवश्यक विधि व्यवस्था का जांच किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों में मतदाताओं तथा मतदान कर्मियों के लिये मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था का जांच श्रम अधीक्षक द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बूथ संख्या 21 राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजार डांडू का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मतदान केंद्र में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय अन्य चिंजो का निरीक्षण किया गया। वही श्रम अधीक्षक दीप्ति लौरी तिर्की द्वारा मौके पर मौजूद बीएलओ यशोदा कुमारी को निर्देश देते हुए चुनाव से पूर्व सभी चिजों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर श्रम अधीक्षक दीप्ति लौरी तिर्की, एएसआई अलबीना लकड़ा, बीएलओ यशोदा कुमारी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मातम

**कुडू (प्रातः आवाज)।** नेशनल हाईवे 75 कुडू-रांची मुख्य पथ पर कुडू व चंदवा थाना की सीमावर्ती क्षेत्र बरवाटोली के समीप टेम्पो तथा बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद रामनवमी के शोभायात्रा रूद तथा पुर्वी क्षेत्र के लिए मातम मे बदल गया। बताया जाता है कि चंदवा थाना क्षेत्र के रूद गांव के रहने वाले भोला राम अपनें बाइक से कुडू काम से आया हुआ था तथा काम निपटाने के बाद बुधवार देर शाम लगभग आठ बजे कुडू से वापस रूद चौक होते हुए बरवाटोली की तरफ जा रहा था इसी बीच एक दुसरे बाइक से भोला राम की बाइक आपस में टकरा गया नतीजा भोला राम का अपने बाइक से संतुलन बिगड़ गया तथा बाइक सहित बीच सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। रूद गांव के युवक की मौत की सुचना जैसे ही शोभायात्रा में रूद तथा आसपास के अखाड़े को मिली आधे से अधिक लोग कुडू अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत के बाद गांव में मातम छाया हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने की शोकसभा



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के द्वारा गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित इस शोक सभा में रामनवमी शोभायात्रा जुलूस के दौरान हुई दुर्घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह का घटना सारे समाज के लिए पीड़ा दायक है। साथ ही इस साप्ताहिक सभा मे शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में धैर्य से कार्य करने की अपील की गई। तथा दुर्घटना में घायल हुए लोगों की जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की गयी। शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण रखकर दु:खी परिवार के लोगों को इस दु:ख की घड़ी में मां सरना चाला एवं धर्मेश से दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु कामना की गयी। दु:ख व्यक्त करने वालों में समिति पदाधिकारी जलेश्वर उरांव, सोमे उरांव, बिरसा उरांव, फूलदेव भगत, आकाश भगत, सोमदेव उरांव, सुधीर उरांव, सुधु भगत, सुकेश्वर उरांव, पंकज उरांव, मंगलदेव उरांव, फुल्केश्वर उरांव अमरनथा भगत, नूतन कच्छप, बसंती उरांव, राजमुनी उरांव नीलम उरांव, जनकी उरांव, बिसनी उरांव, बिदामनी उरांव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### छात्रा के आकस्मिक निधन पर विद्यालय में शोकसभा आयोजित

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान बुधवार को दुर्घटना की चपेट में आई राजकीय कृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्लस टू की छात्रा सोनी रानी कुमारी पिता नंद किशोर साहू का आकस्मिक निधन हो गया। उसके निधन से पूरा विद्यालय परिवार शोकाकुल है। गुरुवार को विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शोकाकुल के घर पहुंच कर उनके परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में धैर्य से कार्य करने की अपील की गई। साथ ही चुन्नीलाल स्कूल परिसर पर एक शोक सभा आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। और सभी शिक्षक शिक्षकाएं, छात्र-छात्राएं एवं मुहल्ला वासियों ने दो मिनट मौन रख कर उनके आत्मा के शान्ति हेतु प्रार्थना किये। उसके उपरांत एक दिन के लिए स्कूल अवकाश कर दिया गया। स्कूल प्राध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि सोनी कुमारी बहुत मृदभाषी एवं बहुत ही सुशील छात्रा थी उनके निधन से सभी लोग काफी दुखी है। इस मौके पर प्राध्यापक मुकेश कुमार, दीपक सर्राफ, शशांक वर्मन, संजय सर्राफ, लक्ष्मी नारायण तिवारी, रितु लकड़ा, अंजना रानी मिंज, बिंदी बृजबाला सांगा, मनी बाला, निशा नीलम कुजूर, सरिता कुमारी, जन्मजय यादव, सूरज कुमार साहू, दीपक तिग्गा, शिवम मिश्रा, शंकर देवगम, अंजलि सर्राफ, अतुल कुमार के अलावा छात्र-छात्राएं अदि उपस्थित थे।

### हादसे के बाद लोहरदगा में दिखा बंदी का असर व्यवसायियों ने बंद रखी दुकानें



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** जिले में कल रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र के राणा चौक के समीप अनियंत्रित डीजे लदा पिकअप वाहन से हादसा होने के बाद आज शहरी क्षेत्र में दिखा बंदी का असर ज्यादातर दुकानें रही बंद। डीजे लदा वाहन की चपेट में आकर 3 दर्जन लोग घायल हो गए थे वही घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 2 दर्जन से अधिक लोग अभी भी घायल है वही कई लोगो को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। मृतको में एक युवती और एक व्यक्ति शामिल हैं जिसकी पहचान बक्सीडीपा निवासी 40 वर्षीय बजरंग साहू और रियाडा निवासी 21 वर्षीय सोनी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद केंद्रीय महावीर मंडल सहित कई हिंदू संगठन और व्यापारी संघ ने घटना को लेकर दु:ख प्रकट करते हुए लोहरदगा बंद का आह्वान किया जिसका असर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में देखने को मिला शहरी क्षेत्र के अपर बाजार, मैना बगीचा, बरवा टोली, पतरा टोली, मिशन चौक सहित कई इलाकों में दुकानें बंद रही लोग घटना से दुखी होकर स्वतः अपनी दुकानें बंद कर दिया तो वही कई जगहों पर केंद्रीय महावीर द्वारा दुकानों को बंद कराया गया।

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संघ की बैठक, प्रत्याशी चयनित

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार की बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय लोहरदगा में हुई। इसकी अध्यक्षता ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के बैनर तले उम्मीदवार दिया जाए। संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोट बैंक की संख्या लगभग 14 लाख 27 हजार के आसपास है और जिसमें ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार लगभग 5 लाख लोगों से ठगी किया गया है। इस तरह से हमारे संख्या लोहरदगा लोकसभा को जीतने के लिए एक अच्छा रोड मैप है। बैठक में विचार विमर्श के उपरांत पांचो विधानसभा क्षेत्र के ठगी पीड़ित जमा कर्ता अभिकर्ता कमेटी से समर्थन के उपरांत प्रत्याशी के रूप में पवन तिग्गा का चयन किया गया। मौके पर सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, विशाल कुजूर, श्याम देव उरांव, विश्वजीत उरांव, समीना खातून, गीता उरांव, शामिल देवी, गोकुल उरांव, बजरंग साहू, शराफत अंसारी, चुन्नू उरांव, लेन्द उरांव, ताजमहल खातून, समीना खातून, मुनिता उरांव, किरण कुमारी, रंजन नगेसिया, विश्वनाथ नगरिया, हीरामणि उरांव, मंजू उरांव, हीरू उरांव, अमृता कुमारी, मुनेश्वर उरांव, सुखदेव उरांव, रविंद्र उरांव, अमृता, तसव्वर अंसारी, परदेसिया उरांव, जॉर्ज मनी लकड़ा आदि मौजूद थे।

### बगुला पतरा जंगल व मसमानो में खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भंडरा (प्रातः आवाज)।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग-अलग जगह पर आगजनी की घटना हो गई। जिसमें दो किसानो को ईख की खेती जल जाने से लाखों का नुकसान हुआ है। भंडरा प्रखंड के मसमानो गांव में किसान एता उरांव एवं रूपेश साहू के 6 एकड़ जमीन में लगी ईख की खेती में आग लग गई। आग लगने से दोनों किसानों को लाखों की संपत्ति जल गई. जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ईख के खेत में आग लगने की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण सहयोग के लिए आए। ग्रामीणों की सहयोग से आग को बुझा लिया गया। अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई थी। परंतु अग्निशमन विभाग के आने तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। इधर प्रखंड के आकाशी पंचायत अंतर्गत बगुला पतरा जंगल में आग लग गई. पतरा के बगल में स्थित स्काई अपपब्लिक स्कूल के कर्मचारियों के द्वारा अग्नि सामान को आग लगने की सूचना दी गई। इसके बाद अग्निशमन विभाग आकर आज पर काबू पाने की प्रयास किया।

## व्यंग्य: सोना खरा है कि खोटा



**सुनील कुमार महला**

हम सभी भारतीय हैं और भारतीयों का सोने के प्रति अतिरिक्त मोह अभी- अभी पैदा नहीं हुआ है। यह सदियों सदियों से भारतीयों में रहा है और रहेगा। जी हां, हम सोने की (गोल्ड) बात कर रहे हैं, नींद वाले सोने की नहीं। हाल ही में अप्रैल में ही गोल्ड साढ़े तिहत्तर हज़ार प्रति तौला के हिसाब से आलटाइम हाई रेट पर बिका। खैर जो भी हो, अलग-अलग लोगों के लिए सोने का मतलब भी अलग-अलग है। मसलन महिलाओं के लिए सोने का मतलब गोल्ड से है। लोहे का काम करने वालों के लिए लोहा ही सोना है। सब्जी वाले के लिए सब्जियां, कपड़े का व्यापार करने वालों के लिए कपड़ा, किसानों के लिए खेतों में पैदा होने वाली सारी फसलें, मजदूर के लिए मजदूरी, विद्यार्थी के लिए परीक्षा परिणाम और नेताओं के लिए वोटर्स ही सोना हैं। हमारे जैसे लेखकों के लिए लिखना ही सोना है और सोने (नींद लेने वालों) वालों के लिए सोना (नींद लेना) ही सोना है। कुल मिलाकर सोने की कहानी बड़ी अजब-गजब है। अब कोई कच्चे तेल को काला सोना कहते हैं तो किसान कोटन को सफेद सोना कहते हैं। वैसे चाय हरा सोना कहलाती है तो केसर लाल सोना। सोयाबीन पीला सोना कहलाती है तो पानी नीला सोना कहलाता है। शैवाल की खेती को हरा सोना कहा जाता है तो नीलगिरी और देवदार के पेड़ों को ब्राऊन सोना कहा जाता है। वैसे तंबाकू को भी ब्राऊन सोना कहा जाता है। अब आप ही बताइए कोई बालीवुड में हीरोइनों के बालों को सोना कहता है तो कभी आशा भौंसले और मोहम्मद रफी जी इस सोना को लेकर गुनगुनाते हैं - ओ मेरे सोना रे सोना रे...। अब कोई सिगरेट के नाम के आगे गोल्ड लगाता है तो कोई मेडल के आगे। कोई सोने को खरा कहते हैं तो कोई खोटा। बहरहाल, सच बात तो यह है कि सोना आदमीजात को हमेशा हमेशा से कंफ्यूज करता आया है। और आपको तो पता ही है कि कन्फ्यूज़्ड आदमी को कभी भी नींद नहीं आती है। मतलब कि उसे सोना नसीब नहीं हो सकता है।

वैसे गोल्ड वाला सोना आदमी की नींद उड़ाता है तो सोने वाला (नींद वाला) सोना आदमी को सुकून देता है। एक सोने(गोल्ड) को लोकर में रखना पड़ता है तो दूसरा सोना (नींद) जब आदमी के पास होता है तो घोड़े बेचकर सोता है। एक तरफ सोने(नींद) में सुकून है तो दूसरी तरफ सोने (गोल्ड) में सुकून छिन जाता है। सोने(गोल्ड) की रखवाली के लिए आदमी को दिन-रात जागना पड़ता है। इसलिए हम तो कहते हैं कि अजी ! कोई सा भी सोना हो, सोने का मोह बिल्कुल भी मत कीजिए। सोने (गोल्ड) में भी मादकता है और सोने (नींद) में भी मादकता है और आपको तो पता ही है कि मादकता ठीक चीज नहीं होती है। इसलिए आप किसी भी सोने के चक्कर में मत पड़िए। आप तो सोते सोते हमारा सोने पर यह व्यंग्य पढ़िए और इसे ही सोना मानकर मस्त -मलंग रहिए। जय राम जी की। गुस्ताखी माफ।

## विदेशी मुद्राओं में ऋण का विकल्प देगा इरेडा

नई दिल्ली। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में अपने एक कार्यालय की शुरुआत की है, जो विदेशी मुद्राओं में ऋण विकल्प प्रदान करने में विशिष्टता प्राप्त होगा। इससे नेचुरल हेजिंग (जोखिम प्रबंधन रणनीति) की सुविधा प्राप्त होगी।

इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन के दौरान यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण लागत में भी काफी कमी आएगी।

उर्जा मंत्रालय प्रवक्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को अरब अमीरात (यूएई) स्थित अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन- 2024 में च्लंबी अवधि के ऊर्जा भंडारण के लिए भविष्य में विकास के अवसरज्ज विषय पर एक पैनल चर्चा के दौरान इस रणनीतिक पहल को सीएमडी ने रेखांकित किया।

इरेडा के सीएमडी ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से अधिक हाइड्रोजन उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने और लागत कम करने और ऊर्जा भंडारण समाधानों के प्रदर्शन में सुधार के लिए अनुसंधान व विकास संबंधित प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क को मजबूत करने वाली नीतियों को लागू करने की आवश्यकता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस दिशा में विभिन्न सक्रिय कदम उठाए हैं। इनमें साल 2047 तक भंडारण आवश्यकता रोडमैप का निर्माण, टेक्नोलॉजी-एग्नॉस्टिक भंडारण निविदाएं और बैटरी विनिर्माण व पंप भंडारण जलविद्युत परियोजनाओं के लिए सहायक सरकारी हस्तक्षेप शामिल हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने साल 2030-31 तक लगभग 400 गीगावाट-घंटे (जीडब्ल्यूएच) की भंडारण आवश्यकता का अनुमान लगाया है, जिसमें अनुमानित निवेश 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिस्पर्धी और अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने से ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

# मोदी चार सौ पार इसलिए चाहते हैं



**आचार्य विष्णु हरि सरस्वती**

चुनाव के दौरान विपक्ष ने बड़ा ही गंभीर और विचारणीय प्रश्न खड़ा किया है कि नरेन्द्र मोदी को चार सौ सीटें क्यों चाहिए? इसका जवाब नरेन्द्र मोदी की जगह विपक्ष ने ही दे दिया। यह कहिए कि प्रश्न भी विपक्ष का उत्तर भी विपक्ष का। ऐसा बहुत ही कम होता है कि प्रश्न और उत्तर भी एक ही पक्ष दे देता है। विपक्ष का उत्तर क्या है? विपक्ष का केहना है कि मोदी को चार सौ सीटें इसलिए चाहिए कि वे संविधान को बदल सकें। संविधान को लेकर विपक्ष की चिंता कोई नयी नहीं है। विपक्ष के लिए संविधान तो एक बहुत ही बडा और घातक चुनावी हथियार है जिसके सहारे विपक्ष मोदी का संहार और शिकार करना चाहता है। विपक्ष का अभियान भी यही है कि संविधान खतरे में है, नरेन्द्र मोदी अगर तीसरे बार भी जीत गये और उन्हें पास चार सौ सीटें मिल गयी तो फिर संविधान का नामोनिशान मिट जायेगा और संविधान के संहार-विनाश का अर्थ देश में तानाशाही का शासन। नरेन्द्र मोदी अपने हाव-भाव से तानाशाही छाप छोड़ते हैं, ऐसा मानना देश के तथाकथित सेक्युलर जमातों, मुस्लिम जमातों और कम्युनिस्ट जमातों का है। कांग्रेस के हाथ आपातकाल के खून से रंगे होते हैं, कम्युनिस्ट खुद लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं, इनकी तानाशाही चलती है, इनके आदर्श माओत्से तुंग और स्टालिन जैसे तानाशाह हैं, जबकि मुस्लिम दुनिया में मजहबी तानाशाही चलती है। ऐसे में ऐसी जमातों की परिधि में कैद विपक्ष का यह हथियार कितना घातक होगा?

नरेन्द्र मोदी ने इस बार चार सौ पार का नारा दिया है। 2019 में तीन सौ पार का नारा दिया था, सुखद बात यह थी कि नरेन्द्र मोदी ने तीन सौ पार के नारे को सच साबित कर दिया था और लोकसभा चुनावों में लगातार दूसरी बार विजय श्री प्राप्त की थी। दस सालों के शासन को नरेन्द्र मोदी जनता के लिए सुलभ और शानदार मानते हैं, और इसी विसात पर तीसरी बार सत्ता प्राप्त करने के आकांक्षी भी है। मोदी को चार सौ सीटें मिलेगी कि नहीं, इस पर अभी विचार करना मुश्किल है, जनता का जब त्रिनेत्र खुलता है तो फिर किसी को अर्श से फर्श पर बैठा देती है तो फिर फर्श से अर्श पर भी बैठा देती है। चार सौ से पार सीटें संविधान समाप्त करने की जगह विपक्ष की अनावश्यक रोडा, अफवाह, साजिशें को समाप्त करने, विकास और उन्नति के मार्ग को स्थायी रखने और देशद्रोहियो के दमन के लिए भी तो चाहिए। ऐसे राजनीति में सर्वश्रेष्ठ जीत की उम्मीद करना और उस पर काम करना गैर जरूरी कहां है?

सच तो यह है कि कोई भी संविधान न तो अटल होता है और न अपरिवर्तित होता है, संविधान आवश्यकता और समय के साथ परिवर्तित होता है। आधुनिक समय में इस कार्य को संविधान संशोधन का नाम दिया गया है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का हर सविधान स्थानीय और अंतर्राष्टीय आवश्यकताओंके आधार पर बदलता है,संशोधित होता है, गैर जरूरी और नुकसानदायक हिस्से निकाल बाहर किये जाते हैं और अति आवश्यक मूल्यों को जोडा जाता है। भारत का संविधान भी संशोधन की परमपरा से गतिमान होता है। अब तक 130 से अधिक संशोधन हो चुके हैं, कहने का अर्थ है कि भारतीय संविधान को 130 बार से अधिक बदला गया है। इंदिरा गांधी ने तो संविधान की मूल भावना को बदल दिया था, समाजवाद शब्द और धर्मनिरपेक्षता के अतिरिक्त सिद्धांत को जोड दिया , इंदिरा गांधी की इस करतूत पर विवाद हमेशा जारी रहता है। इंदिरा गांधी द्वारा संविधान की मूल भावना के साथ की गयी छेड़छाड को सुधारने की बात भी उठती है। आजाद भारत में इंदिरा गांधी पहली तानाशाह थी, उसने भारत पर तानाशाही लादी थी, उसने देश पर इमरजेंसी लागू की थी और मौलिक अधिकारों पर कैंची चलायी थी, लाखों लोगों को पकड़ कर जेलों में डाल दिया गया था।

इंदिरा गांधी की तुलना में नरेन्द्र मोदी की तानाशाही प्रबृति शून्य ही मानी जायेगी। नरेन्द्र मोदी अकारण और बिना मुकदमा चलाये किसी विपक्ष के नेता या फिर अपने विरोधियो को जेल भेजवाने की तानाशाही प्रबृति नहीं दिखायी है। उसने कोर्ट को ठेंगा नहीं दिखाया है, कोर्ट की शक्ति को कम नहीं किया है, अभी भी हमारी न्यायपालिका बहुत ही सक्षम और स्वतंत्र है। सक्षम और स्वतंत्र होकर हमारी न्यायपालिका नरेन्द्र मोदी की सरकार की कमजोरियों पर बुलडोजर चलाती है, जवाब मांगती है। इलेक्टरोल बॉड का प्रसंग देख लीजिये। राजनीतिक पार्टियों की इस चंदाखोरी के मामले में न्यायपालिका ने कैसी सुनवाई की और किस प्रकार से इसे संविधान विरोधी घोषित कर दिया, यह भी स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट के डंडे के सामने भारतीय स्टेट बैंक को समर्पण करना पडा और चंदा देने वालों को बेनकाब करना पडा। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि जितने भी नेताओ पर मुकदमें चल रहे हैं वे सभी भ्रष्टाचार के मुकदमें हैं, भ्रष्टचार में लिप्त अगर नेता होगा तो फिर जनता पर मुकदमा कैसे चलेगा, जनता जेल कैसे जेल जायेगी, मुकदमा तो नेता पर ही चलेगा, जेल तो नेता ही जायेंगे? क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने नेशनल हैराल्ड मामले में भ्रष्टचार के आरोपी नहीं हैं, क्या केजरीवाल की सरकार ने शराब घोटाला नहीं किया है? केजरीवाल क्या शराब बेचने के लिए सत्ता में आये थे? केजरीवाल तो भ्रष्टचार मिटाने के लिए सत्ता में आये थे लेकिन खुद भ्रष्टचार में लिप्त हो गये। भ्रष्ट नेताओं को जेल भेजाने वाले और मुकदमा चलवाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तानाशाही का आरोप लगाना और लोकतंत्र समाप्त करने का अभियान चलाने का लाभ मिल सकता है क्या? क्या यह सही नहीं है कि भ्रष्टचारी नेता अपने बचाव में यह नहीं कह रहे हैं कि लोकतंत्र समाप्त करने के लिए हमें जेल भेजा जा रहा है। भ्रष्टचारियों की कोर्ट में निष्पक्ष सुनवाई हो रही है, जांच एजेंसियों को अपनी दक्षता दिखानी पड रही है।

संविधान पर नरेन्द्र मोदी का विचार भी स्पष्ट है। नरेन्द्र मोदी ने कह दिया है कि संविधान का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता है, संविधान समाप्त करने की कोई सोच भी नहीं सकता है, भारत का संविधान सुरक्षित हाथो में है, गतिशील भी है और जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व भी करता है। संविधान पर कुछ विचार और तथ्य यहां पर देखा जाना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी संविधान की कसौटी परखी गयी थी उस पर एक आयोग बनाया गया था पर संविधान को बदला नहीं गया, संविधान की मूल भावना को समाप्त नहीं किया गया। नरेन्द्र मोदी ने भी संविधान की भावना को आधुनिक समय के अनुसार परखने के लिए आयोग बनाये पर किसी आयोग ने प्रतिकूल सिफारिशें नहीं की है। आयोग का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति सरकार के विचारों को ही प्रतिनिधित्व करता है और सरकार के विचारों को ही स्थापित करता है। अगर नरेन्द्र मोदी की संविधान विरोधी भावनाएं होती तो वे अपने द्वारा गठित आयोगों और कमिटियों से संविधान विरोधी सिफारिशें जरूर कराते। भारतीय संविधान को लेकर भीभ राव अंबेडकर की एक विरोधी भावना भी चर्चित रही है। अबंडेकर खुद भारतीय संविधान को जलाना चाहते थे उनका यह विचार काफी प्रभावशाली रहा है। भीभ राव अंबेडकर भारतीय संविधान को क्यों जलाना चाहते थे? इस पर संविधान विशेषज्ञ और भारतीय संविधान पर दो प्रमुख पुस्तकें लिखने वाले लक्ष्मीनारायण भाला कहते हैं कि भीभराव अंबेडकर नेहरू के कारण ऐसा करना चाहते थे, नेहरू ने दबाव देकर संविधान मे बहुत सारी अवधारणाएं ऐसी डलवा दी थी जिसे अंबेडकर पंसद नहीं करते थे। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि नेहरू के शासन को अंबेडकर संविधान की मूल भावना के खिलाफ मानते थे।

राजनीति में सर्वश्रेष्ठ जीत की आकांक्षा पालना गलत नहीं है, राजनीति में विरोधियों का समूल नाश करने की भावना रखना गलत नहीं है। कोई राजनीतिज्ञ अधूरे बहुमत की आकांक्षा नहीं रखता है, अपनी लूल्ही-लगड़ी सरकार नहीं चाहता है। हर पार्टी और हर राजनीतिज्ञ विशाल बहुमत चाहते हैं, मजबूत सरकार चाहते हैं। जनता अगर चाहेगी तो मोदी को चार सौ से पार सीटें दे सकती है और नहीं भी दे सकती है। इस प्रश्न पर विपक्ष को बहुत ज्यादा लाभ होने की उम्मीद नहीं है।

# सफलता का सच्चा सूत्र है मौन एकाग्रता



**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तर पर दुनियां में हर देश ने तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, विकास से बढ़ते डिजिटाइजेशन ने शारीरिक श्रम को विशाल स्तर पर कम कर मानसिक श्रम को बढ़ा दिया है, जिसमें अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्स और वेबसाइट का जवाब पत्थर से देने का काम कर दिया है, जिसमें माननीय जीव का ध्यान भटक सा गया है और अपने ही उलझन में उलझते हुए गुम सा हो गया है। दूसरी ओर बढ़ते मानवीय विवादों वह बढ़ाती अपनीं ख्वाहिशें, लग्जरी जिंदगी झूठी शान को दिखाने के चक्कर में बड़बोलापन शब्दों बयानों वाक्यों के गिरते स्तर तथा परिवार में बढ़ते विवादों की खाई को और चौड़ा करते जा रहे हैं, जहां अब समय आ गया है कि अब आदि-अनादि काल से हमारे बड़े बुजुर्गों के उपरोक्त हानियों में गुणकारी टॉनिक मौन एकाग्रता को अपनाएं जो हमारे जीवन की सफलता का सच्चा सूत्र है। चूंकि मन एकाग्रता से विवेक जागृत होता है,जिसमें निर्णायक क्षमता सर्वोत्तम होती है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मन एकाग्रता से क्रोध का दामन, आत्मिक बल, निर्मल बुद्धि, समस्याओं का समाधान व मस्तिष्क में एकाग्रता होने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता के लाभों की करें तो, मौन रहने में बड़ी ताकत है, रह कर देखें तब हमको इसके फायदों के बारे में ज्ञान होगा। मौन रहने के फायदे इस प्रकार हैः (1)सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन रहने की सलाह दी जाती है। (2)मन को शांति मिलती है और शक्ति बढ़ती है। (3)मौन से आंतरिक और मानसिक शक्ति मिलती है। (4)इससे व्यक्ति लंबे समय तक तनाव रहित बना रहता है। (5)मौन रहने से क्रोध मिटता है। (6)मौन की शक्ति बड़े से बड़े अहंकार को धूल में मिला देती है (7) स्मरण शक्ति और सोचने की शक्ति बढ़ती है। (8)नई मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है और बड़े संघर्ष शुन्य हो जाते हैं। (9)इस उपाय से मन की चंचलता को नष्ट किया जा सकता है। (10)घरेलू लड़ाई-झगड़े बिल्कुल खत्म हो जाते हैं और अपने आप पर काबू पाने की शक्ति बढ़ती है।मौन रहने के क्या लाभ होते हैं ?कहते हैं कि जो समझदार होता है, वह कम बोलता है और कई बार मौन रहकर भी वह संवाद साध लेता है। अनुभव बताता है कि मौन कई बार बहुत बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। इसके विपरीत अगर कोई आदत से मजबूर होकर एक के बदले दस जवाब देता है और कहता है कि मैं चुप क्यों रहूं, किसी से दबकर क्यों रहूं? तो वह बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है।

मौन की अपनी, अनुपम अभिव्यक्ति होती है, जो किसी भाषा की मोहताज नहीं होती। अक्सर लोग वाणी के विराम को ही मौन समझते हैं। लेकिन किसी व्यक्ति के मन में संकल्पों की उथल-पुथल हो रही हो, किसी अन्य व्यक्ति के प्रति उसके मन में द्वेष भावना का ज्वार-भाटा उठ रहा हो, या उसके भीतर कोई और वासना धधक रही हो, तो क्या यह मौन कहा जाएगा? कहते हैं कि पानी-सा रंगहीन नहीं होता मौन, आवाज की तरह इसके भी हजार रंग होते हैं। मन और वाणी,




दोनों का शांत होना ही पूर्ण मौन कहा जाता है। मुख के मौन को बाह्य मौन कहा जाता है तथा मन का मौन अंतः मौन। एक कहावत है कि मीठा बोलना जितना सुखकारी है, उतना ही कम बोलना भी लाभकारी है। पर हमें यह समझ भी होनी चाहिए की जहां मौन रहना चाहिए, वहां बोलकर अपने लिए झमेला कभी खड़ा नहीं करना है।मौन हमारे मस्तिष्क के सभी स्नायुओं और इंद्रियों को संयमित रखता है। चुप रहने से वाणी और वाणी के साथ खर्च होने वाली मस्तिष्क की शक्ति संचित होती है। तभी तो कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने मुख और जबान पर संयम रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। जिस उत्तम धारणा से इतने लाभ प्राप्त होते हों, तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें?

साथियों बात अगर हम मौन व एकाग्रता साधना से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव की करें तो,मौन धारण करना एक बड़ी साधना है यह हमारे सोचने समझ ने की शक्ति को बढ़ाता है इसलिए साधना के सभी पंथ मौन की महत्ता को स्वीकार करते है मनोविज्ञानी और करियर विशेषज्ञ भी स्मरण शक्ति बढ़ाने एकाग्रता शांति और सकारात्मक सोच के लिए जीवन में मौन धारण करने की सलाह देते हैं जब हम कुछ समय मौन रहते तो स्वयं से बात करते हैं आत्म मंथन करते हैं इससे नयी मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है इस छोटे-से उपाय से आप अपने जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। (1)नकारातमकता का दूर होना,हमारी जो संस्कृति है उसमें सिर्फ उत्पादकता की बात की जाती है हमेशा पूछा जाता है कि आपने अपने परिवार,समाज,देश के लिए क्या किया या आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं इस सवाल के मूल में एक ही तत्व रहता है - क्या किया जा सकता है? मौन हमें इससे आजादी दिलाता है कई बार यह एकांत ही बहुत ज्यादा उत्पादक हो जाता है। (2) क्या हम दस दिन तक मौन रहने के बारे में सोच सकते हैं? बहुत से लोगों के लिए यह पानी पर चलने जैसा है लेकिन विपासना के शिविर में यह होता है इसमें भाग लेने वालों को लिखने-पढ़ने तक की मनाही होती है वह एक-दूसरे से आइ काटैक्ट भी नहीं कर सकते एक बार वैज्ञानिकों का दल विपासना के इस तरह के शिविर में शोध के लिए गया था उन्होंने पाया कि चुप रहने से हमारी संवेदनशीलता बढ़ने लगती है दृष्टि में,सोच में,भावनाओं में समाहित हो जाती है। (3)विद्वानों का मानना है कि हम निराशावादी इसलिए हो जाते हैं क्योंकि हम भविष्य में जीते हैं जो सिर्फ एक भ्रम है मौन हमें वर्तमान में लाता है जहां हम खुशी का अनुभव करते हैं मौन की मदद से ही हम भविष्य के भ्रम से निकलने में कामयाब हो सकते हैं। (4) डॉक्टरों की माने तो मौन एकांत में किसी प्राकृतिक स्थान पर टहलने का एक अलग आनंद है वैज्ञानिकों का मानना है कि मौन से हमारे दिमाग के उस हिस्से का विकास होता है जो हमारी याददाश्त को मजबूत करता है प्रकृति के करीब रहने से हमारी स्थान संबंधी याददाश्त तेज होती है विशेषज्ञ मानते हैं कि एकांत मौन में दिमाग शांत रहता है वह यादों को सहेजने का काम करता है। (5) एक्शन को मिलती है मजबूती मनोविश्लेषक केली मैकगोनिगल का मत है कि जब हम मौन रहते हैं तभी दिमाग में सकारात्मक विचार आते हैं जिसे बाद में हम अमल में लाते हैं इससे हमारे भीतर सकारात्मक प्रवृत्ति बढ़ती है। (6)जब कभी भी हम अपने बच्चों या प्रियजनों पर सख्ती करते हैं तो बाद में पछताते हैं यह तभी होता है जब हम बिना सोचे-समझे यह करते हैं यहीं पर मौन काम करता है वह हमें जागरूक करता है सचेत करता है इससे हमारी गतिविधियां हमारे नियंत्रण में रहती हैं जब हम जागरूक रहते हैं तब हमारे ऊपर हमारा नियंत्रण रहता है किसी बाहरी चीज से हम प्रभावित नहीं होते यह शक्ति हमें मौन से मिलती है।(7)दिगाम भी तेज होता है शरीर का सबसे जटिल और ताकतवर हिस्सा दिमाग है जिस तरह से मांसपेशियों को कसरत करने से फायदा पहुंचता है, वैसे दिमाग को मौन से फायदा होता है मौन एक तरह से दिमाग की कसरत है मान लें कि आप किसी शांत जगह पर ध्यान के लिए बैठे और तभी आपको खुजली होने लगती है विशेषज्ञ मानते हैं कि आपको खुजली नहीं करनी चाहिए इससे आपको व्यवधान में भी ध्यान लगाने की आदत पड़ जायेगी इससे एकाग्रता बढ़ती है।

साथियों बात अगर हम मौन वह एकाग्रता को सभी मानवीय गुणों में सर्वोपरि की करें तो, मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे-धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। ग्रह शांति के लिए मौन धारण कर मानसिक जप करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण नेश्रीमद्भगवत गीता में वाक्संयम को तप की संज्ञा दी है। मौनव्रत से गंभीरता आत्मशक्ति तथा वाकशक्ति में वृद्धि होती है। मौन से तात्पर्य है बिना दिखावे के सेवा करना। मौन रहना सभी गुणों में सर्वोपरि है। मौन का अर्थ है संयम के द्वारा धीरे-धीरे इन्द्रियों तथा मन की कार्यपद्धति को संयमित करना। समस्त सिद्धियों के मूल में मौन ही है। जैसे निद्रा से उठने पर शरीर, मन एवं बुद्धि में नई स्फूर्ति दिखाई देती है वैसे ही मौन रहने पर सर्वदा वही स्फूर्ति शरीर के साथ मन एवं बुद्धि में बनी रहती है। मौन रहने से आध्यात्मिक शक्तियों का विकास तो होता ही है,साथ ही शरीर में ऊर्जा भी संग्रहित होती है। प्रतिदिन कुछ समय मौन रहकर अपनी आत्मशक्ति का विकास कर अपनी आत्मा के निकट आंतरिक संवाद, ध्यान अवश्य करना चाहिए। अगर प्रतिदिन कुछ समय के लिए मौन व्रत न धारण कर पाएं तो सप्ताह में एक दिन कुछ समय के लिए अथवा माह में एक दिन मौन व्रत अवश्य रखना चाहिए। नीति शास्त्रों में कहा गया है कि विद्वान चुप रहते हैं, समझदार बोलते हैं और अज्ञानी अकारण बहस करते हैं, इसलिए जीवन में अकारण वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर कभी-कभी मौन धारण करना भी फायदेमंद रहता है। मौन धारण करने से न केवल आध्यात्मिक लाभ है, बल्कि मनोवैज्ञानिक, वैज्ञानिक और ज्योतिषीय लाभ भी हैं।मौन धारण कर हम अपनी ऊर्जा को बिखरने से रोकते हैं जिसके कारण आवश्यक कार्यों के लिए ऊर्जा संचित हो जाती है। अक्सर देखा गया है, जो लोग जरूरत के समय ही बोलते हैं अथवा अधिकांश समय मौन धारण कर लेते हैं, वे अपने विचारों और शब्दों पर नियंत्रण रखने में परिपक्व हो जाते हैं, जिसके कारण किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा से मन दुःखी नहीं होता है।

# आज का राशिफल




**मेष**

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**वृषभ**

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन**

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कर्क**

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**सिंह**

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या**

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**तुला**

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**धनु**

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**मकर**

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे।

**कुंभ**

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज

**मीन**

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

# रामनवमी शोभायात्रा में जय श्री राम के खूब लगे जयकारे, आकर्षक झांकियों ने सबका मन मोहा






## झांकियों में ग्रंथों का दिखा जीवंत दृश्य, देखकर निहाल हुए भक्त

राजू यादव

**टाटीझरिया (प्रातः आवाज)।** रामलला के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र का नजारा भगवामय दिखा। हर तरफ जय श्री राम, जय हनुमान के नारे के साथ-साथ राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं भगवाधारी... जैसे नारों से प्रखंड क्षेत्र गूंजायमान हो गया। बड़े-बड़े झंडे के साथ गाजे-बाजे की धुन पर युवक बड़े बूढ़े और बच्चे हाथों में तलवार और लाठी-डंडे लेकर झूमते नजर आ रहे थे। झरपो और छोटा डहरभंगा अखाड़ा में बुधवार रात आकर्षक झांकियों को देखने के लिए भीड उमड पडी। रंग बिरंगी पगड़ी पहने हाथों में तलवार लिए रामनवमी कमेटी के पदाधिकारीगण जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। झरपो अखाडा में कारी झरना चट्टान धाम झरपो, नारायणपुर, टटगांवा, अमनारी, गोधिया वहीं छोटा डहरभंगा अखाडा में टाटीझरिया, केसडा, बडा डहरभंगा, बौधा, घुघुलिया से जुलूस पहुंचा। झांकियों में रामायण, महाभारत, शिवपुराण के जीवंत दर्शन कराने का प्रयास किया गया। अखाड़ों के द्वारा पूजा समितियों के झांकियों के लिए सम्मानित किया गया।

## असधीर मैदान में एक दर्जन झांकियों का जुटान, युवाओं ने किया शस्त्र प्रदर्शन




प्रातः आवाज

**कटकमसांडी।** रामनवमी जुलूस के दौरान झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन अखाड़े को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कटकमसांडी प्रखंड के असधीर मैदान में आयोजित रामनवमी मेला में लगभग एक दर्जन गांव से जुलूस के शक्ल में झांकी पहुंचा। झांकी में जहां राम के आदर्शों का प्रदर्शन किया गया, वही विज्ञान पर आधारित कई झांकी जुलूस मे देखने को मिला। बरगड्डा गांव के झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जबकि अयोध्या मंदिर निर्मित हेदलाग गोविंदपुर को द्वितीय और खुटरा झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन तीनों झांकियां को मुख्य अतिथि कटकमसांडी पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामकुमार मेहता के हाथ हो मेडल देकर सम्मानित किया गया। असधीर मैदान में बततुआ, धरहरा, सुलमी, लुपुंग वन और टू, असधीर, खुटरा, बरगड्डा, हेदलाग, बेलरगड्डा आदि गावं की झांकी जुलूस के साथ असधीर मैदान पहुंचा, जहां अखाड़े धारी देर रात तक कला कौशल का प्रदर्शन किया। ढोल ताशा के धुन पर अखाड़े धारी झूमते रहे। जुलूस मे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, मुखिया दिलीप पासवान, पूर्व मुखिया दिलीप रविदास, बालेश्वर मेहता ,उदय मेहता अजय मेहता, दीपक मेहता, संजय मेहता, टुनटुन मेहता, मुरारी मेहता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इधर कटकमसांडी चौक, ढौठवा हाई स्कूल मैदान, आराभुसाई, डाटो, बहिमार जबकि कटकमदाग प्रखंड मे सुलताना ,फतहा चौक पर महावीरी झंडा के साथ जुलूस निकाला गया। जबकि दशमी को कटकमसांडी प्रखंड से कंचनपुर, हेदलाग, छड़वा, रोमी, खुटरा, पबरा, पेलावल और गदोखर, वही कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह, पकरार, सलगावां, कटकमदाग, बानादाग, कृष्णा नगर पसई, रेवाली, मसरातू, बनहा, खपरियांवा, ढेंगुरा पंचायत से झांकी के साथ जुलूस हजारीबाग पहुंचा।

## बारियातु की एक घटना छोड़ पूरे प्रखंड में शांतिपूर्वक रामनवमी का पर्व हुआ संपन्न

### कुठान की झांकी को प्रथम, विश्वकर्मा मंदिर केरेडारी द्वितीय व रामजानकी मंदिर केरेडारी की झांकी को मिला तृतीय पुरस्कार

प्रातः आवाज

**केरेडारी।** प्रखंड में मात्र बारियातु की एक घटना को छोड़ पूरे प्रखंड में शांति पूर्वक रामनवमी का पर्व संपन्न हो गया। बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल व थाना प्रभारी अजीत कुमार नवमी को सभी अखाड़ों में भ्रमण करते देखे गए। बंगलाटांड़ केरेडारी मुख्यालय स्थित मेला के मंच पर उपस्थित होकर सभी अखाड़ों को सम्मानित भी किया। यहां महासमिति केरेडारी द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट झांकियों व अनुशासित जुलूस के लिये पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। निर्णायक मंडली के द्वारा किये गए आंकलन के बाद कुठान गांव से आये जीवंत झांकी को प्रथम, विश्वकर्मा मंदिर केरेडारी के झांकी व जुलूस को द्वितीय व रामजानकी मंदिर केरेडारी के झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं केमो व केरेडारी चौक तथा विश्वकर्मा मंदिर के जुलूस में करतब दिखा रही एक बच्ची को भी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। यहां पुरस्कार का वितरण जिला परिषद सदस्या अनिता सिंह, बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल, भाजपा नेता बालेश्वर कुमार, राजू साव, मुखिया सोनिया देवी, पूर्व मुखिया तापेश्वर साहू, महासमिति से मनोज वर्मा, सुरेश साव, अरुण यादव, वैद्यनाथ महतो ने किया। प्रखंड के सभी मेला पेटो, पचड़ा, चट्टीबारियातु, बुंडू, अटरिया टांड़, राणा बागी, बसरिया में जीवंत व आदमकद राम व हनुमान की झांकी प्रस्तुत किया गया। केरेडारी मुख्यालय में तीन अखाड़ों द्वारा रात भर जुलूस चला व शांति पूर्वक सम्पन्न भी हो गया।



## पलांडू में रामनवमी मेला भव्य झांकी के साथ संपन्न

### कुशवाहा समाज परेवातरी की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार



प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत पलांडू में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया।जिसमें तलसवार एवं आंगों पंचायत के ग्राम पतरा, कोयलंग, परेवातरी, लमकीटांड़, सोहदी, बरतुआ, आंगो, अम्बाटोल, चेलंदाग ने भाग लिया। सभी गांव के जुलूस में शामिल राम भक्तों के अंदर छुपी प्रतिभा लाठी, तलवार एवं अन्य अस्त्र शस्त्र का करतब को दिखाने का काम किया।एवं कई गांव के जुलूस अपनी अपनी झांकी के साथ प्रवेश किया और झांकी दिखाई।अच्छी प्रदर्शन करने वाले गांवों को पुरस्कृत करने का भी काम मेला समिति द्वारा किया गया।जिसमें प्रथम पुरस्कार कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति परेवातरी की जीवंत झांकी भस्मासुर का वध को मिला, दुसरा पुरस्कार सदबहीय को एंव तीसरा पुरस्कार आंगो को दिया एवं अन्य अस्त्र शस्त्र कला प्रदर्शन करने वालों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मेला समिति के अध्यक्ष सह पुर्व मुखिया शुक्ला तुरी, मंच संचालक अजय कुमार,मुख्य अथिति तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, विशिष्ट अतिथि आंगो पंचायत मुखिया निलम मिंज , पंसस प्रतिनिधि मिथिलेश साव , उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार महतो, सचिव नारायण प्रसाद, सह सचिव महावीर रविदास, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष छोटेलाल महतो, संयोजक छटु गंझु , सह संयोजक विमल करमाली, संरक्षक एतवा तुरी सह संरक्षक सुबेदार करमाली, सह संचालक प्रदीप महतो, मीडिया प्रभारी सुनील राज, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अजय दास, वार्ड सदस्य काजो कुमारी, गणेश कुमार दास, ईश्वर महतो ,जंगल गंझू, गणेश महतो, संतोष महतो ,उषा देवी, विजय महतो, पारा महतो, भीम प्रजापति, गोपी कुमार, सुरेंद्र कुमार दास, अनिल राज, किशोर कुमार महतो ,दिलीप कुमार, , दीपक महतो, मनी मुंडा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## शांति व सौहार्द्र के साथ नवमी जुलूस संपन्न

### तीस घंटे तक राम धुन पर झूमते रहे रामभक्त



प्रातः आवाज

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी की रात्रि को लगातार तीस घंटे तक राम धुन पर रामभक्त झूमते रहे। प्रखंड के दारू बक्शीडीह, छोटका इरगा, दारु खैरिका, बासोबार, झुमरा, जिनगा, कवालु, कबलासी के गाड़ीसाड़म सहित अन्य स्थानों से एक से बढ़कर एक झांकी निकली, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुघध कर दिया। बुधवार की रात्रि आठ बजे झांकियों के निकलने का सिलशीला शुरू हुआ, जो अगले दिन गुरुवार को दोपहर में समाप्त हुआ। इस दौरान जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारो से क्षेत्र गूंजता रहा। भगवा झंडा और शस्त्र लिए रामभक्त रात भर झूमते रहे। थाना प्रभारी शफीक खान जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दलबल के साथ डटे रहे। हर अखाड़ा में जाकर रामभक्तों से मिलते रहे और उनका सहयोग करने के साथ हौसला बढ़ाते नजर आये। रामनवमी पूजा समिति बक्शीडीह के अखाड़ा में थाना प्रभारी को पगड़ी पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी रामभक्तों के साथ लाठी खेलते भी नजर आये। वहीं आरोग्यम अस्पताल के निदेशक और समाजसेवी हर्ष अजमेरा बुधवार को दारु बक्शीडीह साहित अन्य अखाड़ों में जाकर रामभक्तों की टोली से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। हर्ष अजमेरा ने कहा कि शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रामनवमी का त्योहार बड़े हर्ष और जोश के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोगों का सहयोग है।

## खेत में लगी आग, गेहूं जलकर राख




प्रातः आवाज

**इचाक।** थाना क्षेत्र के जलौंध गांव में गेहूं खेत में आग लगने से कई किसानों का खेत में लगे गेहूं जलकर राख हो गई। घटना गुरुवार अपराह्न करीब 4 बजे की है। जानकारी के अनुसार रामनवमी त्यौहार मनाने को लेकर ग्रामीण व्यस्थ थे। कुछ लोग शादी की तैयारी में व्यस्थ थे । तभी कुछ लोगो को अचानक आग लगे हुए गेहूं पर नजर पड़ी, आनन फानन में दर्जनों ग्रामीण आग लगे गेहूं खेत में पानी से बुझाने की प्रयास किए लेकिन आग की लपेटे और हवा की झोंके इतने तेज थी कि चंद मिनटों में ही कई एकड़ में लगी गेहूं व बंधा हुवा बोझा जलकर राख हो गया। पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी ने बताई कि गांव के मोदी मेहता, दीपक मेहता, और दीपक मेहता की मां के खेत में लगी। आग से सैकडो गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। जिसकी सुचना तत्काल इचाक सीओ रामजी गुप्ता को फ़ोन के माध्यम से दिया गया और किसानों के लिए मुवाबजे की मांग की गई। सीओ ने कहा की कर्मचारी की इलेक्शन ड्यूटी होने की वजह से तत्काल खेत पर जाना संभव नही है। पर सरकारी नियमानुसार की कार्रवाई की जाएगी।

## महायज्ञ का समापन, जागरण का आयोजन, दिखाई गई मनमोहक झांकियां, रात भर झूमते रहे श्रद्धालु

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम सांढ-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत सह बाबा विश्वकर्मा देव महायज्ञ बुधवार को जागरण के साथ समापन हो गया। भक्ति जागरण में कलाकारों के द्वारा दिखाई गई कई मनमोहक झांकीओ ने दर्शकों का खूब मनमोहा।बबन छैला ने भक्ति,भोजपुरी, नागपुरी गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसे देखने और सुनने के लिए बड़कागांव, केरेडारी, रामगढ़ सहित हजारीबाग समेत अन्य गांवों और शहरों से लगभग 25 हजार लोगों की संख्या जमे हुए थे।महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लोग रात दिन लगे रहे, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के आगमन उनके स्वागत ,प्रसाद वितरण के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों पर विशेष ध्यान देते रहे।जागरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीप सदस्य सुनीता देवी,पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,उपप्रमुख बचनदेव कुमार,मुखिया सुलेखा देवी,पंसस उपेन्द्र कुमार,यज्ञ पूजा अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद दांगी,सचिव पूरन महतो ,कृतियानन्द महतो, मुटुकधारी महतो, भीखन महतो, कार्तिक महतो,उपमुखिया हेवन्ती देवी, मीडिया प्रभारी आनंद राज ,सजंय मेहता,श्याम नंदन किशोर,शंकर प्रसाद मेहता, महेंद्र विश्वकर्मा ,कुलदीप विश्वकर्मा,सजंय कुमार, संतोष महतो, ओमप्रकाश कुमार, राजीव कुमार रंजन ,ओमकार कुमार ,रंजीत कुमार,पीयूष रंजन, मनोज कुमार मानव, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार,वार्ड सदस्य अंजू कुमारी,विजय कुमार, साउंड प्रो.पप्पू कुमार, हिरामन कुमार,अमित कुमार,पूनम कुमारी, गिन्नी वर्मा,पूनम देवी,गिरेन्द्र प्रसाद,मनोज कुमार, प्यारे राम पासवान,विनय कुमार ,मनोज पासवान,तापेश्वर कुमार, विष्णु दयाल कुशवाहा, गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु,अक्षय कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे।



### खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

# 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

■ खूंटी लोकसभा के स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव के मद्देनजर सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं : उपायुक्त

प्रातः आवाज




**खूंटी।** खूंटी लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार से उम्मीदवारों का नामांकन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर दी गयी है। जो भी उम्मीदवार खूंटी लोकसभा निर्वाचन के मैदान में उतरने वाले हैं वो सभी चाहे वो राष्ट्रीय के उम्मीदवार हो चाहे निर्दलीय। सभी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए आज से आगामी 25 अप्रैल तक पर्चा दाखिल करना होगा। वहीं 26 अप्रैल को स्क्रूटनी होगी और 29 अप्रैल को नाम वापसी के लिए प्रपत्र वापसी प्रपत्र भर सकेंगे। वहीं आज भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा, कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा और निर्दलीय उम्मीदवार पास्टर संजय तिर्की ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है।

खूंटी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्त्ता आयोजित कर बताया कि खूंटी लोकसभा के स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव के मद्देनजर सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। मतदाताओं और मतदानकर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का पूर्ण ध्यान रखा गया है। जिले के सभी आम मतदाताओं को कोई परेशानी न हो इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी है। ईवीएम से मतदान को लेकर लगातार जागरूकता वाहन द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। मतदानकर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट संधारण को लेकर प्रशिक्षण दिए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार होने के पश्चात उनके कार्य और उत्तरदायित्वों को लेकर प्रशिक्षण दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छ, पारदर्शी और शांतिपूर्ण आमचुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा बलों को बहाल किया गया है।

## खूंटी में 13 मई को होगा मतदान

■ उपायुक्त ने किया जनजागरण वाहन को रवाना



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर खूंटी जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गाँव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 13 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## भगवान श्रीराम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, लोग देखकर हुए भावविभोर





प्रातः आवाज

**खूंटी।** रामनवमी शोभायात्रा में महिलाओं की उपस्थिति ने शोभायात्रा को शोभायमान किया तो दूसरी ओर धार्मिक प्रस्तुति की झाँकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जिसमें अयोध्या के भगवान श्रीराम जी की आकर्षक प्रतिमा का प्रारुप काफी मनमोहक व आकर्षक रहा। जो अयोध्या जाकर श्रीराम जी का प्रतिमा का दर्शन नहीं किये हों वो झांकी में प्रस्तुत प्रतिमा का दर्शन कर भावविभोर हो गये। वहीं इस बार लगभग सभी मंडलियों के साथ महिलाएं व युवतियों के सिर पर पगड़ी और एकरुप पोशाक सभी को आकर्षित कर रहा था। वहीं अयोध्या जी का भगवान श्रीराम का प्रारुप झांकी शोभायात्रा में शामिल रही। जिसे सभी ने अपने कैमरे में कैद किया। कई झांकियां थीं, जिनमें शामिल लोग आकर्षक पोशाक के साथ नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर रहे थे। जिनमें शिव तांडव, राधा कृष्ण रास, राम राज्य, नन्दी में सवारी, रथ में सवार श्रीकृष्ण अर्जुन आदि अनेक झांकियां थीं जो लोगों का मन मोह लिया। नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा आश्रम मैदान पहुंच कर समाप्त हुई।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शॉपिंग मॉल में चलाया गया मतदाता जागरण अभियान

प्रातः आवाज




**खूंटी ।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न शॉपिंग मॉल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के सभी शॉपिंग मॉल में मतदाता जागरण समूह का गठन किया गया है। अभियान के लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि सभी कर्मियों का वोटर आईडी कार्ड बनाया जा चुका है। सभी मतदाता मतदान तिथि 13 मई, 2024 को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान जरूर करें। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी त्वरित कार्रवाई : उपायुक्त

■ समाहरणालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को चुनाव तैयारी से संबंधित दी विस्तृत जानकारी

प्रातः आवाज




**सिमडेगा।** खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समाहरणालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को चुनाव तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज से नामांकन खूंटी संसदीय क्षेत्र में शुरू हो चुका है। चुनाव संबंधी लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। 13 मई को वोटिंग होगी। जिले के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट करें। उपायुक्त ने बताया कि इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य सभी के सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है।

सिंह ने कहा कि सिमडेगा व कोलेबिरा विधान सभा में किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधि कार्यक्रम के लिये यहां से ही परमिश्न मिल जायेगा। आदर्श आचर संहिता के उलंघन पर त्वरित कार्रवाई होगी।

एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों के हिसाब से पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। क्यूआरटी टीम भी तैयार करके संभावित क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर गश्ती अभी से शुरू कर दी गई है।

जिले के दोनों विधान सभा सिमडेगा व कोलेबरा में पांच हजार से भी ज्यादा संख्या में सुरक्षा कर्मी चुनाव तैनात किये जायेंगे।

## ट्रेन से फिसलकर गिरने पर युवक का कटा हाथ और पांव



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के कर्रा रेलवे स्टेशन के सामने गुरुवार को पैसेंजर ट्रेन से गिरने पर एक युवक का एक हाथ व एक पांव कट गया। घटना शाम 5:00 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार, जब हटिया राउरकेला पैसेंजर ट्रेन राउरकेला की ओर जा रही थी तभी कर्रा स्टेशन में ट्रेन रुकी और फिर उसमें सवार एक अज्ञात युवक चढ़ने लगा जिससे उसके पांव फिसल गया और वह नीचे गिर गया। जिससे उसका एक हाथ व एक पांव चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसका हाथ व पांव कट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उक्त घायल अज्ञात युवक को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक युवक जीवित ही था। युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र मांझी, थाना फतेहपुर, जिला गया का निवासी बताया है। घायल के पास से दो रेलवे टिकट मिला है। एक में पहाड़पुर से धनबाद और दूसरा टिकट धनबाद से कोयंबरटूर का है।

## समाचार सार

### अर्जुन मुण्डा 23 अप्रैल को भरेंगे नामांकन पत्र, राजनाथ सिंह पहुंचेंगे खूंटी





**खूंटी (प्रातः आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा आगामी 23 अप्रैल को अपना उम्मीदवारी नामांकन प्रपत्र भरेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन अर्जुन मुण्डा का नामांकन प्रपत्र भराने के लिए भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह खूँटी आएंगे। वहीं खूँटी में अर्जुन मुंडा के नामांकन प्रपत्र भरने के कार्यक्रम के दिन भाजपा कार्यकताओं की काफी भीड़ होनेवाली है। वहीं अर्जुन मुंडा को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता लोग भी काफी उत्साह में हैं। क्षेत्र के महिला व पुरुष कार्यकर्ता घर घर जाकर जनहित लाभान्वित योजना का मिला लाभ के बारे भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाने व बताने के लिए आसपास के क्षेत्रों में लग गये हैं। जिसमें ग्रामीण महिलाएं गांव गाँव घर घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धि बतलाकर मतदान करने के लिए आग्रह करने लगी है।

### विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने क्षेत्रीय भाषा में मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत खूंटी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की फर्स्ट टाइम वोटर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के संदेश दिए। इस दौरान बताया गया कि लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इसे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। 18 वर्ष आयु के प्रत्येक नागरिक को अपने मत देने का अधिकार प्राप्त है। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराते हेतु बताया गया कि अपने गांव-घर का एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूट ना जाए इस हेतु उन्हें मतदान के प्रति जागरुक करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी बनती है। सभी को 13 मई, 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### रनिया में मनाया गया रामनवमी पर्व

**रनिया (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पर्व धूमधाम से बजरंगबली को भगवान श्री राम का मंदिरों में पूजा अर्चना पंडित पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करके मनाया गया। रामनवमी का मौके पर रनिया व सोदे में सैकड़ों राम भक्त की मौजूदगी में शोभायात्रा भगवान श्री राम और बजरंगबली के जयकारे के बीच श्रद्धा भक्ति से निकाली गयी। इधर, सीआरपीएफ कैंप परिसर में नवरात्रि का समापन विशेष पूजन, हवन, कन्या पूजन और प्रसाद वितरण श्रद्धालु भक्तों के बीच जवानों के द्वारा किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के निरीक्षक जीडी बिहारी लाल इंस्पेक्टर अभय राज अन्य सहित जवान मौजूद थे।

### कर्रा में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया रामनवमी पर्व



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले के कर्रा प्रखंड में बुधवार को रामनवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा सुबह में ही अपने-अपने घरों आंगन सफाई करने के बाद अपने-अपने घरों में बजरंगबली का पूजा अर्चना करने के बाद झंडा गाड़ा गया। वहीं कर्रा चौक विभिन्न मंडलियों द्वारा पहुंचकर अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्रीय रामनवमी कमेटी द्वारा सभी मंडली के अध्यक्षों को पगड़ी पहनाकर और तलवार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी महाबीर मंडली लोकल मण्डा पहुंच कर वहां भी अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता हुआ। उसके बाद वहां से सभी मंडली अपने गांव के लिए प्रस्थान किये। मंगलवार की रात्रि विभिन्न मंडली द्वारा झांकी निकाली गयी जो एक से बढ़कर एक थी। ड्रोन द्वारा जुलूस का नेतृत्व किया जा रहा था। कर्रा पुलिस पैनी नजर बनाए हुए थी। तोरपा डीएसपी क्रिस्टोफर, कर्रा थानेदार जितेंद्र कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु प्रसाद सोनी, दिलीप सिन्हा, राजेश सिंह, केदार प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, विनोद भगत व अन्य लोगों की मुख्य भूमिका रही।

## इको फ्रेंडली और सस्टेनेबल माइनिंग के लिए प्रतिबद्ध सीसीएल

प्रातः आवाज



**रांची।** झारखंड स्थित सीसीएल अपने विभिन्न गतिविधियों द्वारा राष्ट्र के ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रति कृत संकल्पित है। कंपनी ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023 -2024 के लिए अपने निर्धारित 84 मिलियन टन के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर कुल 86.01 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। झारखंड की आठ जिलों में फैली कंपनी के खनन क्षेत्र में सस्टेनेबल एवं पर्यावरण अनुकूल खनन तरीकों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीसीएल की खदानें सर्वोत्तम टिकाऊ खनन का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंपनी विभिन्न आधुनिक तकनीकों एवं नवाचार का इस्तेमाल कर न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी ला रही है, अपितु संसाधन एवं ऊर्जा की बचत भी कर रही है। कंपनी का उद्देश्य पर्यावरण और सामुदायिक विकास के लिए सकारात्मक बदलाव हेतु खनन को एक साधन के रूप में प्रयोग करना है।

**हैवी मशीनों का प्रयोग :** सीसीएल में विभिन्न हैवी मशीनों का उपयोग कर न केवल उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जा रहा है बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी लाने का सार्थक और सफल प्रयास कर रही है। इसमें सरफेस माइनर , ड्रैगलाइन इत्यादि मशीनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरफेस माइनर के प्रयोग से ब्लास्टिंग, क्रशिंग इत्यादि की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे पर्यावरण पर बुरे प्रभाव में कमी आती है।

**कोल हैंडलिंग प्लांट :** फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे सीसीएल के कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाया जाता है, जिसके फलस्वरूप कोयला को देश भर में ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक आसानी से कम समय में पहुँचाने में मदद मिलती है । पूर्व में, इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है। इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, कोयला भंडारण बंकर और कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस प्लांट के आरंभ हो जाने से सड़क मार्ग से कोयले का यातायात कम होगा जिससे धूल जनित प्रदूषण न्यून हो जायेगा।

**मोबाइल स्प्रिंकलर :** खनन क्षेत्रों में कंपनी धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल स्प्रिंकलर का उपयोग कर रही है। लगभग सभी खुली खदानों में बड़ी क्षमता वाले मोबाइल स्प्रिंकलर हैं। 28 ड्छ क्षमता के 61 मोबाइल स्प्रिंकलर तैनात किए गए हैं । सीसीएल ने वर्तमान में केवल मिस्ट टाइप (द्र२३) के स्प्रिंकलर खरीदने की पहल की है, जो तकनीकी रूप से सामान्य स्प्रिंकलर से बेहतर हैं इसी प्रकार, धूल नियंत्रण के लिए 27 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन तैनात किए गए हैं।

सीसीएल ने नेट जीरो कार्बन एमिशन के लिए 2026 तक 425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट बनाने का लक्ष्य है, जिसमें 20 मेगावाट सोलर प्लांट पिपरवार क्षेत्र में बन रहा है। हरित आवरण के वृद्धि के लिए सीसीएल द्वारा वर्ष 2023 में 231 हेक्टेयर से अधिक भूमि में पौधारोपण किया गया है। साथ ही एक नई पहल के रूप में रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी विधि से वृक्षारोपण किया गया है।

## सामाजिक, धार्मिक कार्यकर्ता रंजीत टोप्पो को सरहूल मिलन समारोह में शामिल होने का दिया आमंत्रण

■ सरना सदान मूलवासी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होने का किया आग्रह

प्रातः आवाज



**रांची।** सरना सदान मूलवासी मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांके टोली स्थित नया टोली में सामाजिक, धार्मिक कार्यकर्ता सह सरना सदान मूलवासी मंच के मुख्य संरक्षक रंजीत टोप्पो को आगामी 20 अप्रैल 2024 को राजधानी रांची के अमर वीर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक के पास सरहूल मिलन समारोह को लेकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया गया।

सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि 20 अप्रैल 2024 को सरना सदान मूलवासी मंच के बैनर तले राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में आदिवासी मूलवासियों को एक सूत्र में बांधने के लिए सरहूल मिलन समारोह किया जाता है। जिसमें रंजीत टोप्पो जैसे समाजिक धार्मिक कार्यकर्ताओं को मंच में बुलाकर समाज में सुधार करने, जागरूकता फैलाने, समाजिक समस्याओं का समाधान करने और अपने परम्परागत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पहल किया जाता है। सरना सदान मूलवासी मंच के कोषाध्यक्ष मोहन तिर्की ने कहा कि आज आदिवासी समाज को रंजीत टोप्पो जैसे समाजिक धार्मिक सोच रखने वाले व्यक्ति की जरूरत है। कमजोर लोगों और समुदायों को रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष सह सरना सदान मूलवासी मंच के मीडिया प्रभारी डब्लू मुण्डा, सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो, कोषाध्यक्ष मोहन तिर्की, सह कोषाध्यक्ष बिक्की करमाली, सह सचिव पवन कुमार इत्यादि मौजूद थे।

# डीसी ने वज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

प्रात: आवाज

**धनबाद।** गुरुवार को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। डीसी ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशामक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।






# डीसी माधवी मिश्रा ने प्रेजाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का किया निरीक्षण

प्रात: आवाज

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निदेर्शानुसार आचरण अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली हर छोटी बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरशः पालन करे। आयोग ने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों पर की जाएगी कार्रवाई : डीडीसी



प्रात: आवाज

**धनबाद।** डीडीसी सादात अनवर ने आज पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में प्रीसाइडिंग ऑफीसर को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रीसाइडिंग ऑफीसर्स आयोग के निदेर्शानुसार अच्छे से प्रशिक्षण ग्रहण करें। साथ ही कहा कि बिना कोई ठोस कारण प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले प्रीसाइडिंग ऑफीसर के विरुद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान यदि कोई विषय संशय होती है तो प्रीसाइडिंग ऑफीसर मास्टर ट्रेनर या प्रशिक्षक का नंबर अपने पास रखें और उनसे फोन से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे जिला कार्यालय में आकर किसी भी प्रश्न के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान सभी को मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, मतदान शुरू करने की प्रक्रिया, मतदान संपन्न हो जाने के बाद की प्रक्रिया, एब्सेंटी व शिफ्टेड वोटर, विभिन्न प्रपत्र सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, मास्टर ट्रेनर संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: आवाज

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को न्यू टाउन हॉल, धनबाद में सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि हर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं की लाइन रहेगी। प्रयास करना है कि दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता अधिक देर तक लाइन में खड़े नहीं रहे। साथ ही बताया गया कि नॉमिनेशन के अंतिम दिन से मतदान के 5 दिन पहले बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटनी है। साथ ही बताया गया कि वोटर कार्ड के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, नेशनल पापुलेशन रजिस्टर, मनरेगा जॉब कार्ड, हेल्थ कार्ड, फोटो युक्त पेंशन पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज से मतदाता वोटिंग कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंत में ईवीएम पर मतदान की प्रक्रिया से सभी को रूबरू कराया गया।




# लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में लगी भीषण आग लाखों के सामान जले, तीन दमकल ने आग पर पाया काबू

प्रात: आवाज

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र पांडुकी में लार्सन ऐंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में गुरुवार की दोपहर भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुआ दूर से ही दिखाई देने लगा। आग फैलने की आशंका से लोग भयभीत हो गए। तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। आग बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। लगभग 15 से 20 टन प्लास्टिक का पाइप सहित अन्य सामान जलने का अनुमान है। आग कैसे लगी, इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है।

एलएनटी कंपनी के एक कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पांडुकी में कंपनी का एक गोदाम संचालित है। जहां धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य को संचालित करने वाली कई समान यहां पर रखी जाती है। कंपनी के गार्ड के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कंपनी के गोदाम में आग लग गई है, जिसके बाद हमलोग सभी पंहुचे तब तक काफी नुकसान हो चुका था। बताया गया की गोदाम के बाउंड्री के बाहर झाड़ी में किसी ने आग लगाई थी जिसका चिंगारी उड़ कर गोदाम में आ गया और भूषण आग लगी गई जिससे गोदाम में रखे कई कीमती सामान जल गए। आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। वही मौके पर पहुंचे फायर विभाग के अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया की आग काफी भीषण थी एक दमकल से काबू नही पाया जा सका तो तीन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाई, अब आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।



# कतरास में लोहा चोरों के आगे जिला प्रशासन नतमस्तक

**कतरास।** कतरास कोयलांचल क्षेत्र में कोयला चोरी बंद होने के साथ ही लोहा चोरी का बाजार पूरी तरह से गर्म हो गया है। आए दिन कोलियारियों में लोहा तस्कर बीसीसीएल के लोहे को कटिंग से कटकर उठाकर ले जा रहे हैं। जिससे बीसीसीएल को प्रति दिन लाखों का नुकसान हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीएल के पास सीआईएसएफ सहित कई सुरक्षा तंत्र तैनात है, लेकिन लोहा चोरों के आगे सारा व्यवस्था नतमस्तक हो गया है। लोहा चोरों को स्थानीय प्रशासन का भी आशीर्वाद प्राप्त है, जिससे लोहा चोरी में एकाएक इजाफा हो गया है। धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक कोयला व लोहा चोरी पर अंकुश लगाने का लाख दावा करें, लेकिन यहां स्थानीय प्रशासन के मिली भगत से आए दिन लाखों रुपए की लोहा की तस्करी की जा रही है। धर्माबांध ओपी के पीछे खुदिया नदी के पुराने पुल जिसमें लोहे के मोटे मोटे भारी एंगल को लोहा चोरों ने गैस कट्टर से काटकर सफाया कर दिया। बीसीसीएल ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य हेतु उक्त पुल का निर्माण करवाया था। वह मार्ग नीचे देवघरा और सोनारडीह को जोड़ने वाला मार्ग हैं। हालांकि वह पुल जर्जर अवस्था में हो गया था। जिसके बाद वहां दूसरा नया पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लेकिन लोहा चोरों ने लाखों रुपए मूल्य के लोहा एंगल को पुलिस के मिली भगत से गायब करने में कामयाब हो गए है। अब केवल वहां छह एंगल जो नदी में पड़ा हुआ है जिसे गैस कट्टर से काटने की निशान दिखाई पड़ रही हैं। वह भी सफाया होने में देरी नहीं लगेगा।

# रामनवमी पर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारें से गूंजा महुदा

प्रात: आवाज

**महुदा।** महुदा थाना और भारडीह ओपी क्षेत्र में शांति एवं हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर तेलमोचो, कुंजी, काण्ड्रा, भुरुंगिया, मछियारा, महुदा बाजार, सेवाग्राम, मुरुलीडीह,भाटडीह, छत्रुटांड में गाजे- बाजे के साथ रामनवमी का इण्डा लेकर भव्य जुलूस में राम सीता सहित हनुमान के रूप धारण कर फूलो से सजे रथ निकाली गई। जुलूस में पूरे क्षेत्र जय श्री राम एवं जय हनुमान के जयकारों के साथ गूंज उठा। इस दौरान तेलमोचो मेन रोड पेट्रोल पम्प के पास, महुदा मोड़ बिनोद बिहारी महतो चौक स्थित अखाड़ा का आयोजन किया गया। वहीं ब्रह्मबाबा मंदिर महुदा के प्रांगण में महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार और पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी संयुक्त रूप से अखाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज खेल का एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया । सभी खिलाड़ियों को थाना प्रभारी और पदुगोड़ा मुखिया द्वारा मेडल एवं ट्रांफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस दौरान सभी चौक चौराहो पर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार, भाटडीह ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह, एसआई प्रदीप कुमार,एसआई बाजुम हेम्ब्रम, एएसआई पतरस तिग्गा,एएसआई निरंजन प्रताप, एएसआई एस के शर्मा,सहित गस्ती दल पूरी तरह मुस्तैद दिखे। अखाड़ा में मुख्य रूप से मुखिया महेश कुमार पटवारी, मुखिया सुर्यकान्त महतो, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सम्पद घोषाल, मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश रवानी, पंचायत समिति रूपदेव रवानी, पंचायत समिति सदस्य सुभाष चन्द्र महतो, जिला परिषद सदस्य आशा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सन्तोष कुमार महतो, प्रो० भरत महतो, प्रेम कुमार महतो, बिनोद रवानी, धुरन कुमार हाड़ी, सुरज कुमार हाड़ी, बिरजु रवानी, अमित कुमार सिंह, राजु महतो, बिनोद कुमार महतो, शनिचर रवानी, कमल कुमार महतो आदि मौजूद थे।



## समाचार सार

### अनुपमा सिंह के चुनावी मैदान में आते ही तेज हुई जुबानी जंग

**बोकारो (प्रात: आवाज)।** धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और इंडी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के चुनावी मैदान में आते ही अब पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। जहां अनुपमा सिंह ने एक महिला को प्रत्याशी बनाये जाने पर पार्टी को आभार व्यक्त किया वहीं कार्यकर्ताओं में भी काफी जोश देखा गया। धनबाद लोकसभा सीट काफी दिलचस्प हो गया है क्योंकि पक्ष और विपक्ष के दोनों प्रत्याशियों ने अपने अपने दल से कई धुरंधरों को पछाड़ते हुए पार्टी का विश्वास जितने मे कामयाब होकर टिकट पाया है। ऐसे में प्रत्याशी अपनी जीत के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे है। दोनों प्रत्याशि अलग-अलग दल से है लेकिन दोनों में एक समानता है की दोनों ही धनबाद लोकसभा के वोटर नहीं है बल्कि गिरिडीह लोकसभा के वोटर है। दोनों ही प्रत्याशी जीत के लिए पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में है ऐसे में दोनों के बीच जुबानी जंग भी खूब देखने को मिल रही है। जहां भाजपा और एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि जो राम को लाए हैं जनता उन्हें सत्ता में लायेगी और मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए केंद्र में तीसरी बार लगातार सत्ता में आएगी। वहीं इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस और इंडो प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में भी कई सारे मंदिर बने लेकिन हम धर्म के आधार पर समाज को बाटकर राजनीति नहीं करते हैं। ऐसे में जैसे-जैसे नॉमिनेशन की तारीख नजदीक आएगी जुबानी जंग और देखने को मिलेगी।

### हनुमान मंदिर के सामने प्याऊ का उद्घाटन



**चास (प्रात: आवाज)।** चास स्थित जोधाडीह मोड़ के हनुमान मंदिर के सामने प्याऊ का उद्घाटन रामकृष्ण मठ के स्वामी शशांक नंदा जी ने किया। साथ में भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इसके पूर्व तुलसी का पौधा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वामी जी का स्वागत किया गया। स्वामी जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्यासे को जल उपलब्ध कराना धर्म का काम है उन्होंने रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया। डॉक्टर परिंदा ने अपने संबोधन में प्याऊ खोलने पर ईस्ट इंडिया कंपनी के तनेजा परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि पथिकों को भीषण गर्मी में जल सहज रूप से मिल पाएगा। परिंदा ने कहा यह अत्यंत पुण्य का काम है। अशोक तनेजा ने कहा की तनेजा परिवार प्रत्येक वर्ष गर्मियों में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराते आ रहा है। कमल तनेजा ने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी अनवरत चलता रहेगा। चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण सिंह ने भी उपस्थित होकर प्याऊ खोलने पर तनेजा बंधुओं की प्रशंसा की। चास रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद, हनुमान मंदिर के मंतोष ठाकुर, गुरुद्वारा कमेटी के हरदीप सिंह,अशोक केडिया, देबू पाल, संजय बैद, मोहम्मद फैयाज, आजाद, राहुल प्रामाणिक, गौतम आदि विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना



**बोकारो (प्रात: आवाज)।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वीं झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना हो गई है। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक : श्रेयांस मिश्रा, आयुष ख़्वाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या , हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश, कोच– किंकर कृष्णा। टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह , अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा एवं अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन



**कतरास (प्रात: आवाज)।** रामनवमी के अवसर पर केशलपुर कोलियरी पतित पावन हनुमान मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन गुरुवार दोपहर से प्रारंभ हो गई। इसके पूर्व पंडित रामकुमार पाण्डेय सहित अन्य ब्राह्मनों ने वेदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पुजन करवाया। तदोउपरांत अखंड ज्योत के साथ हरी कीर्तन प्रारंभ किया गया। इस दौरान हरे राम हरे कृष्णा के धार्मिक उद्घोष से पुरा इलाका गुंजायमान हो रहा है। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पुजा समिति के द्वारा मंदिर को आकर्षक फूल व लाइटों से सजाया गया इसके साथ ही पूरे इलाके को भागवत ध्वज से पाट दिया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में समाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र सिंह सपत्नीक है। मौके पर गणेश महतो, जशू सिंह, रविंद्र यादव, दिगंबर सिंह, संजय सिंह, कृष्णा राजवंशी, विनोद महतो, जीरा सिंह, राम पाण्डेय, बिरबल सिंह, अनोज रजक, लालटू महतो, पंकज सिंह, अशोक सिंह, पटल महतो आदि मौजूद थे।

### मां दुर्गा की विदाई पर महिलाओं ने खेला सिंदूर खेल



**कतरास (प्रात: आवाज)।** गाजे–बाजे के साथ कतरास राजबाड़ी, झगराही, खानुडीह सहित अन्य जगहो पर चैती दुर्गा पूजा का नव पत्रिका का विसर्जन किया गया। इसी के साथ चार दिवसीय चैती दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। गुरुवार को महाविजयदशमी पर कतरास राजबाड़ी चैती दुर्गा पूजा प्रांगण में महिलाओं ने मां दुर्गा की विदाई के मौके पर सिंदूर खेल का आयोजन किया गया। दर्जनों महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया एवं एक दूसरे के साथ सिंदूर खेला। मां दुर्गा को फिर अगले वर्ष आने का निमंत्रण भी दिया। सिंदूर खेल के बाद कतरास राजबाडी से गाजे–बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राजा तालाब पहुंची। जहां पूरे विधि विधान के साथ नवपत्रिका का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा में महिला, पुरुष एवं बच्चे नाचते गाते चल रहे थे। बांकुडा का ढाक आकर्षण का केंद्र बना रहा। बांकुड़ा के ढाक के ताल पर महिलाएं जमकर थिरकी। शोभा यात्रा में चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष अमरनाथ स्वर्णकार, सचिव समीर चक्रवर्ती, रिंटू बनर्जी, जय चटर्जी, अमित चटर्जी, सिकंदर चक्रवर्ती, हारु चक्रवर्ती आदि शामिल थे।

### स्वभिमान संस्था के प्रधान कार्यालय के गृह प्रवेश पर बाल भोज



**महुदा (प्रात: आवाज)।** स्वभिमान संस्था का प्रधान कार्यालय के नये भवन में गृह प्रवेश के लिए पूजा अर्चना किया गया। इस शुभ अवसर पर पंडित के द्वारा विधि विधान के साथ स्वभिमान संस्था के संस्थापक सचिव सुषमा देवी व महेश्वर महतो के यजमानी में यज्ञ और पूजन, हवन कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया, और बच्चों के लिए भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुषमा देवी ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओं को काम करने में असुविधा हो रहा था जिसके लिए एक सुसज्जित कार्यालय की आवश्यकता महसूस की गयी। इसी परिपेक्ष में यह भवन का निर्माण किया गया है, ताकि संस्थागत कार्यों का निर्वाहन करने में कार्यकर्ता को सहुलियत हो सके। उम्मीद है कि अब तेजी से संस्थागत कार्य का निपटारा किया जा सकेगा। मौके पर अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी, कोषाध्यक्ष माला देवी, लक्ष्मी देवी, जुली देवी, पार्वती देवी, अंजली कुमारी, दिपाली कुमारी, मीना देवी, आशा कुमारी, रोमा कुमारी, आदि उपस्थित थे।

### ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर, बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी

# 16 साल का हुआ आईपीएल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम.

चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

### कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया

उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था.

पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी. न्यूजीलैंड के धुरंधर मैक्कुलम के बल्ले से 13 छक्के और 10 चौके निकले थे और वह आईपीएल के पहले प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

### पहले सीजन में राजस्थान टीम बनी थी चैम्पियन

आईपीएल का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने अपनी कप्तानी में राजस्थान टीम को यह खिताब जिताया था. राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से करारी शिकस्त दी थी.



तब भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में थी. टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत ने क्रिकेट फैन्स को इस फॉर्मेट का दीवाना बना दिया. लोगों का रुझान क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की ओर इस कदर बढ़ा कि यह लोकप्रियता के शीर्ष पर जा पहुंचा. आईपीएल ललित मोदी की सोच थी. ग्लैमर और चकाचौंध के तड़के के बीच इस लीग में इतना पैसा बरसा कि दुनिया देखती ही रह गई.

### आईपीएल जीतने वाली टीमों की लिस्ट

- 1. 2008- राजस्थान रॉयल्स
- 2. 2009- डेक्कन चार्जर्स
- 3. 2010- चेन्नई सुपर किंग्स
- 4. 2011- चेन्नई सुपर किंग्स
- 5. 2012- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 6. 2013- मुंबई इंडियंस
- 7. 2014- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 8. 2015- मुंबई इंडियंस
- 9. 2016- सनराइजर्स हैदराबाद
- 10. 2017- मुंबई इंडियंस
- 11. 2018- चेन्नई सुपर किंग्स
- 12. 2019- मुंबई इंडियंस
- 13. 2020- मुंबई इंडियंस
- 14. 2021- चेन्नई सुपर किंग्स
- 15. 2022- गुजरात टाइटन्स
- 16. 2023- चेन्नई सुपर किंग्स

### आईपीएल में सफलता के साथ-साथ विवाद भी...

हर खेल इस आईपीएल के मॉडल को अपनाने की कोशिश में लग गया. 2008 से 2010 तक पहले तीन सीजन तक ललित मोदी आईपीएल के चेयरमैन और कमिश्नर रहे. आईपीएल 2010 फाइनल के बाद उन्हें बीसीसीआई से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. ललित मोदी पर पैसे की हेराफेरी सहित कई आरोप लगे थे.

आईपीएल के मुकाबले तो हिट होते चले गए, लेकिन दूसरी तरफ कई विवादों में भी यह लीग घिरी रही. सबसे बड़ा विवाद 2013 में सामने आया, जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगाया गया था. और उस समय बीसीसीआई के अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद को अवैध सट्टेबाजी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

### चामरी अट्टापट्टू ने बनाया महिला क्रिकेट का तीसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर




महिला वनडे मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | रन | देश |
|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | न्यूजीलैंड |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | ऑस्ट्रेलिया |
| चामरी अट्टापट्टू | 195* | श्रीलंका |
| दीप्ति शर्मा | 188 | भारत |
| लौरा वोलवार्ट | 184* | दक्षिण अफ्रीका |

विमेन क्रिकेट

# चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी, श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

**पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी।** श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

### महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका

श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था।

इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था। इसके अलावा चेज करते हुए श्रीलंका का चार विकेट पर 305 रनों का स्कोर संयुक्त रूप में महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड द्वारा दिए गए 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे।

### वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

### चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185* रनों की पारी खेली थी।

उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछे छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

### पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

### एबी डिविलियर्स ने बताई दिक्कत

# शिवम दुबे वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के हकदार, लेकिन...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में मौका देने की वकालत कर रहे हैं. यह युवा बल्लेबाज इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अहम रोल अदा कर रहा है. यह लेफ्टहैंड बल्लेबाज इस टीम के लिए अब तक खेले 6 मैचों में ही कई अहम पारियां खेल चुका है और वह खुलकर अपना खेल खेल रहे हैं. उन्हें इस बार मिडल ऑर्डर पॉजिशन पर बैटिंग का




मौका मिल रहा है और वह पारी को संभालने से लेकर मैच फिनिशर तक का रोल निभा रहे हैं. इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक 6 मैचों में 242 रन बनाए हैं और वह 163.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके इस खेल की तारीफ साउथ अफ्रीका और ऋष्क्क्के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी की है. उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से अपना दावा पेश कर रहा है.

### गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा, साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए




**अहमदाबाद , एजेंसी।** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया।

वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के बल्लेबाज दिल्ली के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए और नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया।

## व्यापार

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

### कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे

**कैलिफोर्निया एजेंसी।** बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

### इसलिए हो रही छंटनी

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

### इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी

छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

# गजब का म्यूचुल फंड: 10,000 के एसआईपी को बना दिया 78.32 लाख, निवेशक गदगद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड में निवेश लंबी अवधि में हमेशा मुनाफा देता है। ज्यादातर समय देखा गया है कि म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश फायदेमंद रहा है। आज हम आपको एक ऐसे ही फंड के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। यह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड है। बता दें कि अगर किसी निवेशक ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के ब्लू चिप फंड में इसके शुरुआत यानी मई 2008 में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो मार्च 2024 तक यह बढ़कर 9.6 लाख रुपये हो गया होता। इस हिसाब से उसने निवेशकों को 9 गुना से अधिक का रिटर्न दिया है। इस फंड ने 2009 से अब तक सालाना 15.33 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। बता दें कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड का एसआईपी रिटर्न भी शानदार रहा है। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में 16 साल में 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी किया होता। यानी करीबन 19 लाख रुपये का एसआईपी निवेश आज की तारीख में 78.32 लाख रुपये हो गया होता। इस दौरान इसका 16.15 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। वहीं, बेंचमार्क में इसी निवेश पर केवल 14.30 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। बता दें कि सालभर में इस फंड ने 42.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# अबुजा सीमेंट में अदाणी परिवार का निवेश बढ़कर 20 हजार करोड़ हुआ

### हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत पर पहुंची




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने अपने भविष्य से संबंधित बड़ा एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि अदाणी परिवार ने कंपनी में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वारंट प्रोग्राम को पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया है। इससे कंपनी में अदाणी परिवार का कुल निवेश बढ़ककर 20,000 करोड़ हो गया है।

ताजा निवेश से अदाणी परिवार की अंबूजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अदाणी परिवार ने शेयरों की हिस्सेदारी के बदले अंबुजा सीमेंट्स में 18 अक्तूबर 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

कंपनी ने बताया है कि अंबूजा सीमेंट्स में अदाणी परिवार की ओर से किया गया यह हालिया निवेश 2028 तक कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 140 मिलियन डॉलर करने में अहम साबित होगा। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय ने कहा कि अदाणी परिवार की ओर से किए गए निवेश पर कहा कि इसकी घोषणा करते हुए हम रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

# फ्लिपकार्ट, बिगबास्केट ने ऐसा क्या कर दिया कि चुनाव आयुक्त के पास पहुंची शिकायत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इन कंपनियों ने मतदान के दिन यानी 19 अप्रैल को भी राज्य में डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों के जरिये सामान की डिलीवरी करने की बात कही है। जबकि उस दिन मतदान होने की वजह से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।बुधवार को तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई हाईकोर्ट के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलीवरी का वादा कर रही हैं। नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।




उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास विभाग ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटी कंपनियों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 19 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य कर दिया है। शिकायत में कहा गया है, 'निर्देश के बावजूद यह हमारे संज्ञान में आया है कि फ्लिपकार्ट और बिग बास्केट जैसे ऑनलाइन डिलीवरी मंच 19 अप्रैल को डिलीवरी सेवाओं की गारंटी दे रही हैं। यह डिलीवरी कर्मियों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है, खासकर उन लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में जो इन मंचों के परिचालन के अभिन्न अंग हैं।' शिकायतकर्ता ने मतदान के दिन गारंटीकृत डिलीवरी के ई-कॉमर्स के दावों की जांच करने और सभी श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है, चाहे उनका मूल राज्य कुछ भी हो।

## समाचार सार

### दो ट्रांसफॉर्मरों में लगी आग, घंटों रही बिजली गुल



**लातेहार (प्रातः आवाज)।** जिला मुख्यालय के श्री दुर्गा मंदिर के नजदीक इंस्पेक्टर बंगला के सामने स्थित ट्रांसफर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गयी। आग लगने से ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने लगा। यह देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता अंकित कुमार और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद बिजली विभाग ने कनेक्शन काटा। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इधर पावर सब-स्टेशन के एक ट्रांसफार्मर में भी आग लगने की सूचना है। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों में ट्रांसफार्मर में दूसरी बार आग लगी है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला घायल



**बालूमाथ (प्रातः आवाज)।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हेरहंज-बालूमाथ मार्ग स्थित मंगरदाहा पुल के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनिका थाना क्षेत्र निवासी सुषमा देवी उम्र 28 वर्ष बाइक में सवार होकर शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने बालूमाथ अमरवाडीह आ रही थी। इसी दौरान मंगरदाहा पुल के पास सड़क के गड्ढे में बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे पीछे बैठी महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। चिकित्सक ने बताया कि घायल महिला का सर पैर सहित शरीर के कई अंग में आंतरिक चोट आई है।

### गढ़वा में गम में बदली रामनवमी की खुशी



**सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार युवक गंभीर रूप से घायल**

**गढ़वा (प्रातः आवाज)।** बड़ों द्वारा तो सालों पहले शुरूआत की गई थी, अब तो सारा आयोजन युवाओं द्वारा ही की जाती है। हम बात गढ़वा के रामनवमी की कर रहे हैं। रात में ही तो यहां की भव्य रामनवमी संपन्न हुई है। क्या शहर और क्या गांव, सभी जगह के लोगों ने विभिन्न अखाड़ों और अद्भुत झांकियों को देख युवाओं की मेहनत को सराहा। सभी खुश ही नहीं बल्कि आह्लादित थे, लेकिन होनी को तो कुछ और ही मंजूर था। सारी खुशियां गम और मातम में बदल गईं क्योंकि गढ़वा के पांच युवक जिनके द्वारा रामनवमी को भव्य बनाने के लिए लगातार मेहनत की गई थी, वह अहले सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों शहर के ही रहने वाले हैं, लेकिन एक युवक की मौत हो गई। बाकी गंभीर रूप से घायल हैं। यह दुर्घटना गढ़वा से पलामू जाने के क्रम में बरांव गांव के पास घटित हुई है।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लातेहार (प्रातः आवाज)।** सदर थाना क्षेत्र के हेठपोचरा पंचायत के सुकरी गांव में एक नाबालिक बच्ची ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नाबालिक कक्षा सात की छात्रा हैं। इस संबंध में मृतिका के पिता जगदीश भुईयां ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर घर में साफ-सफाई करने के लिए बेटी को कहा था, जिससे वह नाराज हो गई। रात को खाना बनाकर बेटी घर के अंदर सोने चली गई। हम घर के बाहर ही खाट लगाकर सोए हुए थे। जब सुबह घर का दरवाजा खोला तो बेटी का फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा। पिता ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले कि जानकारी मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

चुनाव प्रशिक्षण में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले एसबीआई के सहायक पर प्राथमिकी दर्ज

# चुनाव कार्य में लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त : उपायुक्त

## ऐसा करते पाये जाने पर पदाधिकारी व कर्मी पर होगी हर हाल में कार्रवाई

**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** चुनाव प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले एसबीआइ लातेहार के सहायक अविनाश एक्का पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। कार्मिक कोषांक के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। एसबीआइ लातेहार के सहायक अविनाश एक्का लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। दिनांक 13/04/2024 को बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में उनका प्रथम चरण का प्रशिक्षण निर्धारित किया गया था। परंतु



एसबीआइ लातेहार के सहायक श्री अविनाश एक्का बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण मे अनुपस्थित रहकर जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं आईपीसी की धारा 187 एवं 188 का उल्लंघन किया गया है एवं उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है। अविनाश एक्का, सहायक, भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, आईपीसी की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उपायुक्त के आदेशानुसार प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई पदाधिकारी व कर्मी लापरवाही बरते हुए पाए जाते है तो उनपर हर हर हाल में कार्रवाई होगी। चुनाव कार्यों को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है।

## बीएलओ को मतदान के दिन व्यवस्था को लेकर दी गई एक दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रातः आवाज**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को प्रखंड के बूथ लेबल ऑफीसरों का मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय ट्रेनिंग मास्टर के द्वारा दी गई।

एकदिवसीय प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर अनुपम कुमार एवं विनय कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों में चुनाव से एक दिन पूर्व एवं चुनाव के दिन किस तरह की व्यवस्था करना है जिससे मतदान देने वाले लोगों को सुविधा मिले किसी भी तरह का कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े इन विषयों पर उपस्थित बीएलओ लोगों को जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। बताते चले की बालूमाथ में 85 बीएलओ नियुक्त है।

## रामनवमी पूजा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रातः आवाज**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड स्थित गणेशपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को रामनवमी पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला की जानकारी देते हुए पंचायत के मुखीया परमेश्वर उरांव ने बताया कि रामनवमी पूजा के अवसर पर दसवीं के दिन हर वर्ष गणेशपुर में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी रामभक्त और ग्रामीण पहुंचकर मेले का लुफ्त उठाते हैं। उधर गणेशपुर में नवमी के दिन देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत फीता काटकर



समाजसेवी चेतलाल रामदास के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चेतलाल रामदास ने बताया कि हर वर्ष नवमी के रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें लोग पहुंचकर भक्तिमय होकर मनोरंजन करते हैं। और कलाकार एक से बढ़कर एक अपने नृत्य दिखाकर मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## दुर्घटना में छात्र की मौत पर विद्यालय परिसर में दो मिनट का रखा गया मौन

### मृतक पवन कुमार अपने विद्यालय का था मेधावी छात्र

**प्रातः आवाज**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र हेरहंज थाना अंतर्गत बीते मंगलवार रात्रि पांकी-बालूमाथ मुख्य सड़क मार्ग स्थित हुम्बू पेट्रोल पम्प के पास हुई दो बाइकों के आमने-सामने भीषण टक्कर में बुधवार को इलाज के दौरान सेमरसोत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के नवम वर्ग का छात्र धाधू पंचायत के भैंसादोन गांव निवासी शिवनारायण यादव के पुत्र पवन कुमार यादव का इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुःखद खबर के



फाइल फोटो

बाद गांव से लेकर विद्यालय तक शोक की लहर दौड़ गई। मौत पर गुरुवार को विद्यालय परिसर में शिक्षक एवं छात्र पवन कुमार के आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की। शिक्षकों ने बताया कि पवन विद्यालय का मेधावर्ती छात्र था और सभी से मिलजुल कर आदर के साथ रहता था। बताते चलें कि मंगलवार के हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मौके पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी एवं अन्य तीन लोगों का बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा रांची रिम्स रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान पवन की मौत हो गई।

## रामनवमी पर्व को लेकर कांडी प्रखंड में निकाला गया भव्य महावीरी जुलूस, भगवामय हुआ प्रखंड

**प्रातः आवाज**

**कांडी (गढ़वा)।** कांडी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार कांडी में विभिन्न गांवों से विराट जुलूस निकाला गया, जिसमें पतीला, सेमौरा, बरवाडीह, रतनगढ़, ढबरिया, नैनाबार, पखनाहा, सड़की डुमरसोता सहित अन्य गांव शामिल है।

इस अवसर पर हिन्दू समुदाय के लोगों में काफी उत्साह दिखा। जुलूस में युवा व युवतियां भगवा रंग में रंगे हुए दिखे। जुलूस में शामिल लोगों के हांथो में तलवार



व महावीरी भगवा झंडा लहराते हुए देखा गया। वहीं जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से पूरा प्रखंड मुख्यालय गूंज रहा था।

रामनवमी के अवसर पर सभी हिंदुओ में एकता व भगवान श्रीराम के प्रति समर्पण देखा गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य बाजार में विभिन्न जगहों पर जलपान के लिए कई स्टॉल लगाए गए थे।

युवा संघर्ष सेना द्वारा रामजनमोत्सव के अवसर पर निकाला गया भव्य महावीरी जुलूस के महावीर मंदिर लमारी पहुंचने पर महावीर मंदिर कमिटी ने भव्य स्वागत किया। युवा संघर्ष सेना प्रमुख अनूप कुमार उपाध्याय उर्फ बडू उपाध्याय के नेतृत्व में लमारी कला पहुंचा महावीरी जुलूस के भक्तों ने सर्वप्रथम हनुमानजी की विधिवत पूजा-अर्चना की।

इसके बाद महावीर मंदिर कमिटी के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इधर महावीर मंदिर कमिटी के सदस्यों ने भी युवा संघर्ष सेना की टीम के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## रामनवमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन पाठ का आयोजन





**प्रातः आवाज**

**रायडीह।** रामनवमी के अवसर पर रायडीह के जरजटा पंचायत के सलकांया ग्राम में 24 घंटा का अखंड हरि कीर्तन का समापन गुरुवार को किया गया। सलकांया में रामनवमी के मौके पर कीर्तन का आयोजन 1983 से लगातार प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। लोगों के मान्यता के अनुसार अखंड हरी कीर्तन का आयोजन होने से पूरे पंचायत में शांति, सुख समृद्धि बनी रहती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री मिसिर कुजूर उपस्थित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में और वृहद रुप में मनाने और एक-दूसरे से मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण आपसी भाईचारा से मनाने कहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया मार्था एक्का, पंचायत समिति सदस्य चौठी देवी, सुमित प्रसाद, उपमुखिया खुसमारेन एक्का, गोपाल बैगा, अनिल साहू, बुधराम सिंह, समिति के अध्यक्ष जगरपाल सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हरकनाथ सिंह, लड़का सिंह, चतुर्भुज सिंह, मारवाड़ी सिंह सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## लोस चुनाव के सफल संचालन एवं मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रातः आवाज**

**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन एवं मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को स्वीप कोषांग के द्वारा मेराल प्रखंड के लातदाग अवस्थित गोपीनाथ सिंह बीएड कॉलेज में प्रशिक्षुओं को ईवीएम, वीवीपैट एवं नैतिक मतदान करने को लेकर कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर जाकर अपने-अपने मतों का प्रयोग करें और अपने पसंद के कैंडिडेट को चुनें। किसी के दबाव, प्रभाव में आए बिना, बिना किसी प्रलोभन के जाती, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर स्वतंत्रतापूर्वक मतदान करें। यही नैतिक मतदान है। सभी को बताया गया की आगामी



13 मई को सब काम छोड़ कर इस लोकतंत्र के पर्व में भाग लें अर्थात पहले मतदान, फिर जलपान। साथ ही अपने पास-पड़ोस एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी मतदान केंद्र पर ले जाएं और निर्भीक होकर मतदान करें। सभी प्रशिक्षुओं के बीच नैतिक मतदान के लिए मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ भी दिलाई गई।

## महुआडांड़ में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

**प्रातः आवाज**

**महुआडांड़।** हिन्दू महासभा व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अष्टमी का संध्या जुलुस एवं श्री रामनवमी पर्व हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। जुलुस में सैंकड़ो की संख्या में पारंपरिक हथियारों के साथ रामभक्त शामिल हुए। इस दरम्यान पूरा क्षेत्र जय श्री राम नारे के नारे से गुंजायमान हो उठा। जुलूस में प्रखंड के सभी गावों के अखाड़े शामिल हुई। जुलूस में शामिल अखाड़ा कमेटियों के सदस्यों की ओर से हैरतांगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही झांकी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को महुआडांड़ हिन्दू महासभा के ओर से पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रामभक्तों ने महावीरी झण्डे के साथ नृत्य करते हुए कई खेल व करतब दिखाये। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रामभक्तों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। वही हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल की ओर से जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, चना गुड़, अल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके पूर्व हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल और बजरंग दल पलामू संयोजक सूरज साहू के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में बजरंग बली का झंडा लिए जय श्रीराम आदि के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। यह जुलूस स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर से आरंभ हुआ, जो शास्त्री चौक, मुख्य सड़क होते हुए देवी मंडप, बिरसा मुंडा, रामपुर, शास्त्री चौक से मुख्य बाजार होते हुए वापस दुर्गा बाड़ी में समाप्त हो गया।

## झांकी में जुबली रोड अखाड़ा ने जीता प्रथम पुरस्कार

**लातेहार (प्रातः आवाज)।** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा रामनवमी के मौके पर स्थानीय बाजारटांड मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई अखाड़ों ने भाग लिया। उन्होंने अपने शस्त्र चालन कौशल से अखाड़ों के लोगों ने निर्णायक मंडली प्रभावित किया। वहीं कई अखाड़ों ने आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। जुबली चौक अखाड़ा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। झांकी में कलाकारों ने भगवान शंकर के द्वारा भस्मासुर को दिए गए वरदान और भस्मासुर के अंत की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। चटनाही अखाड़ा ने नौका पर भगवान श्रीराम और केवट की झांकी प्रस्तुत कर दूसरा पुरस्कार जीता। वहीं राजहर अखाड़ा के द्वारा श्रीराम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे तीसरा पुरस्कार दिया गया। शस्त्र, लाठी डंडा और तलवारबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा के सदस्यों को महासमिति के द्वारा तलवार देकर पुरस्कृत किया गया।

## मतदाता शपथ ग्रहण एवं मतदाता सेल्फी कार्यक्रम आयोजित

**प्रातः आवाज**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल गढ़वा में स्वीप कोषांग गढ़वा के द्वारा हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ ग्रहण एवं मतदाता सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी ने मतदाताओं से 13 मई 2024 को मतदान अवश्य करने हेतु अपील किया। उनके द्वारा नैतिक मतदान पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह के दबाव में या प्रलोभन में आये बिना नैतिक रूप से मतदान करना आवश्यक है। साथ ही उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया गया कि मतदान दिवस को पास-पड़ोस के लोगों




एवं रिश्तेदारों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। मौके पर उपस्थित परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया के द्वारा मतदान के दिन मतदान को प्राथमिकता देते हुए सर्वप्रथम मतदान करने तब कोई काम करने के लिए कहा गया। मतदाताओं को बताया गया कि आपका हर एक वोट अति महत्वपूर्ण एवं अमूल्य है। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में एक जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाते हुए चुनाव के पर्व में जरूर हिस्सा लें। इस मौके पर उपस्थित कर्मिगण, मरीजों एवं उनके अटेंडेंट के द्वारा हस्ताक्षर चार्ट पर हस्ताक्षर दर्ज कर स्वीप गढ़वा के द्वारा चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मिगण, मरीजों एवं उनके साथ आए अटेंडेंट के द्वारा मतदाता शपथ लिया गया एवं वोटर सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर "मैं भी मतदाता" का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे अस्पताल प्रबंधन से जेवियर एक्का, सुजीत कुमार मुंडा, अजीत कुमार सिंह, संतोष कश्यप, आरती पासवान, आशिष कुमार, सुबोध कुमार सिंह, सच्चिदानंद पांडेय, विकास केशरी, मानिकचंद, सतीश कुमार, नौशाद, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**मनिका (प्रातः आवाज)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड के नामुदाग गांव में गुरुवार को न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अधिवक्ता सह मध्यस्थ विक्रांत सिंह ने लोगों को वर्तमान लोकसभा चुनाव में अपने मतो का प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले लाभ के बारे मे जानकारी दी। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। अधिवक्ता सह मध्यस्थ अरविंद कमारु गुप्ता ने सस्ता और सुलभ न्याय प्रक्रिया के संबंध मे विशेष जानकारी दी है। उन्होंने कम से कम खर्च मे सुलभ रूप से मिलने वाले न्यायिक कार्यों की जानकारी ग्रामीणो को दी गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327